# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 278 । भोपाल, शनिवार 7 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



राजीनामे का बोलकर पत्नी को ले गया पति, की मारपीट — पृष्ठ 2

▪ देश की सभी मीडिया कंपनियों का 'मनी रूट' बता दीजिए! ▪ भारत-कनाडा तनाव से बिगड़ सकते हैं द्विपक्षीय संबंध — पृष्ठ 4

▪ प्रोत्साहन राशि देने की मांग, गन्ना उत्पादक किसानों ने सौंपा ज्ञापन — पृष्ठ 6

तुरंत काम कराने पर अड़ा राजपूत समाज, अध्यक्ष ने फौरन भेजा सब इंजीनियर — पृष्ठ 7


### चुनाव से पहले लोकलुभावन योजनाओं पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# राजस्थान, मप्र व केंद्र को नोटिस

## चुनाव आयोग से भी 4 हफ्ते में मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच राज्यों में चुनाव से पहले सरकारों की लोकलुभावन योजनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। एक तरह से मतदाताओं को लालच देने वाली इस योजनाओं के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार, मध्य प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस भेजा है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अदालत ने इनसे 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने नई जनहित याचिका को पहले से चल रही अन्य याचिकाओं के साथ जोड़ दिया है। सभी मामलों की सुनवाई अब एकसाथ होगी। बता दें, सभी राज्यों में मौजूदा सरकारों की कोशिश है कि आदर्श आचार संहिता लगने से पहले बड़ी घोषणाएं कर दी जाएं। खासतौर पर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में ऐसा तेजी से हो रहा है। लगभग हर रोज ही सरकारें बड़ी घोषणाएं कर रही हैं। इनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई और रोक लगाने की मांग की गई। याचिकाकर्ता की दलील है कि इन लोकलुभावन योजनाओं के जरिए एक तरह से वोटर्स को लालच दिया जा रहा है। सरकारें पांच साल काम नहीं करती हैं और आखिरी में इस तरह जनता के टैक्स का पैसा लुटाकर वोट बटोरने की



कोशिश होती है। साथ ही मांग की गई है कि राजनीतिक दलों के घोषणा–पत्रों पर भी नजर रखी जाना चाहिए। नेताओं से पूछा जाना चाहिए कि घोषणा–पत्र में किए गए बड़े–बड़े दावों को कैसे पूरा किया जाएगा।जनवरी 2022 में भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय फ्रीबीज के खिलाफ एक जनहित याचिका लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। अपनी याचिका में उपाध्याय ने चुनावों के दौरान राजनीतिक पार्टियों के वोटर्स से फ्रीबीज या मुफ्त उपहार के वादों पर रोक लगाने की अपील की। इसमें मांग की गई है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियां की मान्यता रद्द करनी चाहिए। केंद्र सरकार ने अश्विनी से सहमति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट से फ्रीबीज की परिभाषा तय करने की अपील की। केंद्र ने कहा कि अगर फ्रीबीज का बंटना जारी रहा तो ये देश को भविष्य की आर्थिक आपदा की ओर ले जाएगा। फ्रीबीज मामले की सुनवाई पूर्व चीफ जस्टिस एनवी रमना की अगुआई में तीन सदस्यीय बेंच ने अगस्त 2022 में शुरू की थी। ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

### महिला जजों की संख्या में वृद्धि उत्साह बढ़ाने वाली : चंद्रचूड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर पीठ के कार्यक्रम में कहा था कि न्यायपालिका में महिलाओं की भूमिका बेहद अहम है। अब भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़ ने महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि महिला जजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि उत्साह बढ़ाने वाली है। उन्होंने कहा, यह देशव्यापी चलन है। शुक्रवार को सीजेआई ने कहा ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

### बिहार में जातीय गणना के सर्वे पर नहीं लगेगी रोक

नई दिल्ली। बिहार में जाति जनगणना को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने शुक्रवार को बिहार सरकार को उसके जाति सर्वेक्षण के और आंकड़े प्रकाशित करने से रोकने से इनकार कर दिया और कहा कि वह राज्य को कोई भी नीतिगत निर्णय लेने से नहीं रोक सकता। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ ने पटना हाईकोर्ट के एक अगस्त के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर एक औपचारिक नोटिस जारी किया ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

### अजा-जजा व पिछड़ा वर्ग के लिए केंद्र का बड़ा फैसला

## संविदा नौकरियों में मिलेगा आरक्षण

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्र सरकार ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछडे वर्ग के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब इस समुदाय के लोगों के लिए संविदा सेवाओं में भी आरक्षण देने की व्यवस्था लागू हो गई है। हालांकि इसके लिए नियम तय किया गया है कि यह आरक्षण व्यवस्था 45 दिनों या इससे ज्यादा दिनों की सेवाओं पर ही लागू होगी।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र देकर कहा है कि सभी मंत्रालयों को इस बारे में पत्र लिखकर निर्देश दे दिया गया है कि आरक्षण की इस व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए। आरक्षण की यह व्यवस्था केंद्र सरकार के मंत्रालयों व विभागों में खाली पड़े सभी अस्थायी पदों पर लागू होगी। बता दें कि अभी तक एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के लिए आरक्षण की व्यवस्था सिर्फ सरकार नौकरियों व शिक्षा तक ही सीमित थी। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद अब इस समुदाय के लिए सरकारी नौकरियां हासिल करना ज्यादा आसान हो जाएगा। संविदा की इन नौकरियों की अवधि एक साल से लेकर पांच साल तक बढाई जा सकती है। उल्लेखनीय है कि अस्थाई सरकारी पदों में आरक्षण को लेकर संसदीय समिति की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि सरकार के निर्देशों का नियमानुसार अनुपालन नहीं हो रहा है। इसी मामले को लेकर सर्वोच्च न्यायालय सुनवाई कर रहा था।

### मुख्यमंत्री ने एक साथ किया 13 हजार परियोजनाओं का भूमिपूजन और लोकार्पण, बोले-

# मध्यप्रदेश को विकास में नंबर-1 बनाएंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश के विकास की ऐसी राह निकाली गई है, जो इस बात के लिए प्रत्येक नागरिक को आश्वस्त कर सकती है कि मध्यप्रदेश विकास में नंबर–एक पर रहेगा। प्रदेश प्रगति की लंबी उड़ान भरेगा। आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में 53 हजार 5 करोड़ से अधिक लागत के 14 हजार 375 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन हो रहा है, जो अपने आप में एक रिकार्ड है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश के सभी नागरिकों को इतने व्यापक स्तर पर विकास कार्यों के शुभारंभ के अभूतपूर्व कार्यक्रम के लिए हृदय से बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार विकास के लिए आवश्यक वित्तीय साधन जुटाएगी। यह सरकार का कर्तव्य है। विकास का महायज्ञ चलता रहेगा। सिंचाई का क्षेत्र हो या बिजली उत्पादन का, स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाना हो या पेयजल, शिक्षा और जनकल्याण की योजनाओं का क्रियान्वयन हो, सभी कार्यों के लिए सरकार बजट की व्यवस्था करती रही है और आगे भी करेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज रवींद्र सभागम में प्रदेशव्यापी विविध विकास कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास और लोकार्पण कर रहे थे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों सहित समस्त वरिष्ठ अधिकारियों और विभागों के अपर मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव को विकास के इस महायज्ञ में सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर इस कार्यक्रम के प्रसारण के अवसर पर मंत्रीमंडल के सदस्य, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगरों के महापौर, नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी भी जुड़े। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों को नई सिंचाई और सड़क योजनाओं के प्रारंभ होने पर बधाई दी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2003–04 में प्रति व्यक्ति सालाना औसत आय सिर्फ 11 हजार रूपए थी, आज यह 1 लाख 40 हजार हो गई है। अर्थव्यवस्था गतिमान हुई है। सकल घरेलू उत्पादन लगभग 86 हजार करोड़ रूपए का था, आज यह 13 लाख करोड़ से भी अधिक हो गया है। बजट भी 23 हजार करोड़ से बढ़कर लगभग सवा तीन लाख करोड़ हो गया है। अनाज उत्पादन की बात करें तो जहां सिर्फ 159 लाख मीट्रिक टन उत्पादन होता था अब 619 लाख मीट्रिक टन उत्पादन होता है। ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

### डेढ़ दर्जन विभागों के कार्यों की शुरूआत, हितग्राहियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लोक निर्माण, श्रम, विज्ञान प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, नगरीय विकास और आवास, जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, जनजातीय कार्य, पर्यटन, संस्कृति, सामाजिक न्याय, औद्योगिक नीति एवं निवेश विभाग अंतर्गत प्रारंभ किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। आज जल संसाधन विभाग के अंतर्गत मंदसौर जिले की शामगढ़ सुवासरा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का लोकार्पण हुआ, जिसकी लागत 1662 करोड़ है। आज जिन कार्यों का भूमिपूजन हुआ उनमें देवास जिले में हाटपिपल्या लघु उद्वहन सिंचाई परियोजना भी शामिल है, जिसकी लागत 3700 करोड़ रूपए है। जनप्रतिनिधियों द्वारा सिंचाई परियोजनाओं के प्रारंभ होने पर हर्ष व्यक्त किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विभिन्न विकास कार्यों के एक साथ प्रारंभ किए जाने के अवसर पर प्रदेश के नागरिकों को बधाई दी और प्रदेश के विभिन्न जिलों के हितग्राहियों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सिंगरौली की सुश्री अनुष्का शुक्ला, गुना की सुश्री पूजा, कटनी जिले की कुमारी आस्था एवं अन्य हितग्राहियों और विद्यार्थियों से चर्चा की। अनेक नागरिकों ने पूर्व में सम्पन्न कार्यों से प्राप्त हो रहे लाभ पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### 5 राज्यों में विधानसभा चुनावों को लेकर आयोग ने की बैठक

# चुनाव पूरी तरह हिंसा मुक्त हों

## धनबल की समस्या को पूरी तरह से नियंत्रित करने के दिए निर्देश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा से पहले चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बैठक की। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पर्यवेक्षकों के साथ एक बैठक की और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि धनबल की समस्या को पूरी तरह से नियंत्रित किया जाए।

चुनाव आयोग के पुलिस, सामान्य और व्यय पर्यवेक्षकों की दिनभर चली बैठक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करने के लिए रणनीति को सुव्यवस्थित करना था कि आदर्श आचार संहिता प्रभावी ढंग से लागू हो और धन व बाहुबल चुनावों के दौरान समान अवसर को बाधित न करे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ पर्यवेक्षकों की बैठक में उन्होंने कहा कि यह तय करना है कि चुनावों में कोई भी मनी पावर और मसल्स पावर से वोटरों को प्रभावित न कर सके। मॉडल कोड प्रभावी ढंग से लागू हो। चुनाव पूरी तरह हिंसा मुक्त हों। मिजोरम की विधानसभा का कार्यकाल इस साल 17 दिसम्बर को समाप्त हो रहा है। भाजपा की सहयोगी मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) पूर्वोत्तर राज्य में सत्ता में है। तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल जनवरी में अलग–अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है। तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति का शासन है, जबकि मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकारें हैं। पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा से पहले, चुनाव आयोग ने राजस्थान, मिजोरम, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में चुनाव तैयारियों का जायजा लिया है।

### 2-3 दिन में तारीखों के ऐलान की उम्मीद

देश के 5 राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इन राज्यों में 15 नवम्बर से 7 दिसंबर तक मतदान हो सकते हैं। तारीखों का ऐलान 8 अक्टूबर के बाद कभी भी हो सकता है। 2018 में 6 अक्टूबर को तारीखों का ऐलान हुआ था।

### निजी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में बोले केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

# नाजुक दौर से सशक्त दौर में पहुंचा भारत




**भोपाल, देशबन्धु।** 9 साल पहले भारत विभिन्न क्षेत्रों में नाजुक दौर से गुजर रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 9 साल में सतत विकास की पहल के चलते भारत शीर्षस्थ क्षेत्रों में अग्रणी हो चुका है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और खेल एवं युवा मामले के मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज यहां एक निजी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में 'न्यू इंडिया डिबेट्स– 'यही समय है, सही समय है' विषय पर अपने संबोधन में कहा कि भारत फ्रेजाइल 5 से टॉप 5 में पहुंच गया है।

श्री ठाकुर ने सभी क्षेत्रों में देश में हो रहे विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जहां एक ओर चंद्रमा के साउथ पोल पर पहुंचनेवाला भारत दुनिया का पहला देश बना है, वहीं एशियन गेम्स में 100 से ज्यादा पदकों के आंकड़े को छूने को तत्पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यूक्रेन में युद्ध के दौरान भारतीय विद्यार्थियों को भारत लाने के लिए दोनों राष्ट्रपतियों से बात करके युद्ध विराम करवाना प्रधानमंत्री की विश्वस्तरीय नेतृत्व क्षमता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप स्वीकार किए गए हैं, वहीं भारत विश्व में पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में से एक हो गया है। उन्होंने ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

### *चुनाव में लालीपाप देने आते हैं प्रियंका और राहुल*

***भोपाल, देशबन्धु।*** *केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण और खेल एवं युवा मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी चुनाव में लालीपॉप देने आते हैं। श्री ठाकुर ने यहां मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में गारंटी फैल हो गई, मप्र में भी कांग्रेस सरकार के दौरान किसानों के कर्ज न वहां माफ कर पाए न यहां, न बेरोजगारी भत्ता दे पाए, ये तो सिर्फ चुनाव में लालीपॉप देने के लिए आते हैं।*




मुख्यमंत्री ने बुधनी को दी करोड़ों की सौगातें बोले-

# बुधनी विधानसभा क्षेत्र में बह रही विकास की बयार



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि क्षेत्र में नर्मदा की अविरल धारा की तरह ही बुधनी विधानसभा क्षेत्र में विकास की बयार बह रही है। उन्होंने बुधनी विधानसभा क्षेत्र के 334 करोड़ 43 लाख रुपए से अधिक के विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन तथा लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विकास का कोई घटक अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब मूलभूत सुविधाओं और संसाधनों का अभाव था। आज सड़क, बिजली, पेयजल, सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण सहित सभी क्षेत्रों में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। आज समाज का हर व्यक्ति सरकार की किसी न किसी योजना से लाभान्वित हो रहा है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के 53 हजार करोड़ रुपए के अनेक निर्माण एवं विकास कार्यों का शिलान्यास तथा लोकार्पण किए हैं। बुधनी विधानसभा में 264 करोड़ 43 लाख के अनेक निर्माण एवं विकास कार्यों का शिलान्यास किया और 71 करोड़ 28 लाख रुपए के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया है। उन्होंने कहा कि बुधनी में 700 करोड़ रुपए की लागत से मेडिकल कॉलेज तथा सलकनपुर में 200 करोड़ रुपए लागत से बनने वाले देवी लोक के निर्माण का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि मंदिर और मंदिर परिसरों को विकसित करने के लिए पातालेश्वर महादेव सतदेव में अनेक निर्माण एवं विकास कार्यों का शिलान्यास किया है। आज बुधनी, रेहटी, शाहगंज और भेरूंदा नगर परिषद सहित ग्राम पंचायतों में विभिन्न कार्यों का भूमि-पूजन तथा लोकार्पण किया किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास और लोगों के कल्याण के लिए धन की कमी नहीं है। अपने नागरिकों का जीवन खुशहाल और बेहतर बनाने के लिए मैं निरंतर काम कर रहा हूँ और करता रहूँगा। उन्होंने कहा कि बुधनी विधानसभा क्षेत्र बदल रहा है और तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज जिन कार्यों का भूमि-पूजन किया है, को सुनिश्चित करें कि सभी कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो और समय सीमा में पूरे किए जाएं, जिससे दीर्घ समय तक लोगों के लिए उपयोगी रहे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि केवल विकास ही नहीं लोगों के कल्याण के लिए भी अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं। निःशुल्क राशन, निःशुल्क इलाज, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, मातृ वंदना, गाँव की बेटी, गरीबों के प्रतिभावान बच्चों के लिए पढ़ाई की व्यवस्था, किसान सम्मान निधि जैसी अनेकों योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन को बेहतर बनाना और उनके जीवन में खुशियाँ लाना पुण्य का काम है और इसे समर्पित भाव से सभी को करना चाहिए। इस अवसर पर बुधनी से श्रीमती अनीता मालवीय तथा भैंरूदा से अलका चौहान ने मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा क्षेत्र के विकास और लोगों के कल्याण के लिए संचालित की जा रही अनेक योजनाओं का उल्लेख करते हुए आभार व्यक्त किया।

## लोकार्पण एवं शिलान्यास

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भेंरूदा नगर परिषद के 9 करोड़ 97 लाख की राशि के निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा 10 करोड़ 8 लाख की राशि के अनेक कार्यों का भूमि-पूजन किया बुधनी नगर परिषद के 14 करोड़ 4 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 52 करोड़ 17 लाख के अनेक कार्यो का भूमि-पूजन किया।

रेहटी नगर परिषद के 12 करोड़ 31 लाख के अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 15 करोड़ 58 लाख के कार्यो का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 71 करोड़ 28 लाख रूपये के कुल 23 कार्यो का लोकार्पण किया तथा 263 करोड़ 15 लाख के 231 निर्माण एवं विकास कार्यो का भूमि-पूजन किया।

9 साल में प्रदेश के किए सबसे ज्यादा दौरे

# प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश के लिए खोला खजाना, करोड़ों की सौगातें दी



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मप्र के प्रति काफी स्नेह रखते हैं, वह बीते 9 सालों में 35 बार प्रदेश की यात्रा पर आए और उन्होंने मध्यप्रदेश के लिए खजाना खोला और करोड़ों की सौगातें दीं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मध्यप्रदेश को न केवल उदारतापूर्वक संसाधन उपलब्ध करा रही है, बल्कि एक स्नेही पालक की तरह विकास के रास्ते पर प्रदेश को हाथ पकड़कर लगातार आगे बढ़ा रही है। प्रदेश के विकास और यहां के लोगों की खुशहाली पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जितना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, उससे तो यही लगता है कि 'मोदी के मन में है एमपी'। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्नेह का अंदाज इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि वे प्रदेश की सरकार और जनता के किसी आग्रह को टालते नहीं हैं। वे अपने कार्यकाल में अब तक 35 बार मध्यप्रदेश आ चुके हैं। यह संख्या पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से 5 गुना ज्यादा है। वहीं, प्रदेश की इतनी यात्राओं के साथ ही नरेंद्र मोदी सर्वाधिक बार मध्यप्रदेश आने वाले प्रधानमंत्री भी बन गए हैं। श्री मोदी इस साल जनवरी से 5 अक्टूबर तक के 10 महीनों में मध्यप्रदेश के 10 दौरे कर चुके हैं। वहीं, वर्ष 2018 के चुनावों से पहले, प्रधानमंत्री ने जनवरी 2018 से नवंबर 2018 तक 11 महीने में मध्यप्रदेश के 9 दौरे किए थे। नवंबर 2018 में चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद भी प्रधानमंत्री जी 5 रैलियों में शामिल हुए थे।

श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री अब तक मध्यप्रदेश को 1,17,479.26 करोड़ की सौगातें मध्यप्रदेश को विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से दे चुके हैं। वहीं यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मध्यप्रदेश को कुल 14 हजार करोड़ रुपये ही दिए थे।

भाजपा ने कांग्रेस को घेरा

# गुटों में बंटी कांग्रेस में दिख रही अंतर्कलह



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के पूर्व मंत्री और चुनाव व्यवस्था समिति के प्रमुख उमाशंकर गुप्ता ने कहा कि भले ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के दौरे प्रदेश में जारी हैं, लेकिन अब तक कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं कर सकी है, जो गुटों में बंटी कांग्रेस की अंतर्कलह को दर्शाती है। कांग्रेस को घेरते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को प्रदेश की जनता का पूरा आशीर्वाद मिल रहा है और आगे भी मिलेगा। श्री गुप्ता ने भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार-वार्ता में कहा कि कांग्रेस में इतना अधिक सिर फुटव्वल है कि 9 घंटे चलने वाली कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ 3 घंटे में ही बैठक से बाहर आ जाते हैं। जिस तरह से कांग्रेस की अंतर्कलह खुलकर सामने आ रही है, उससे तो यही लगता है कि अब कांग्रेस-भाजपा का मुकाबला करने की बजाय कांग्रेस से ही लड़ रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता अपनी ढपली अपना राग अलाप रहे है। कांग्रेस द्वारा प्रदेश में निकाली गई जन आक्रोश यात्राएं असफल साबित हुई हैं। पूर्व मंत्री श्री 5 अक्टूबर को धार जिले के मोहनखेड़ा में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा दिए गए बयान पर निशाना साधते हुए प्रियंका गांधी झूठ फैलाने का आरोप लगाया। वहीं पूर्व मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि प्रियंका गांधी के कार्यक्रम में कई कुर्सियों पर महिला शक्ति आरक्षित लिखा हुआ था, लेकिन वहां पुरूष बैठे हुए थे, यानि न मंच पर नारी और न पंडाल में नारी। महिला आरक्षण कानून (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को लेकर भी उन्होंने धार के मोहनखड़ा से झूठ फैलाया। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी, नरेंद्र सलूजा, डॉ. दुर्गेश केसवानी एवं मिलन भार्गव उपस्थित रहे।

घाना में राष्ट्रमण्डल देशों के विधायी निकायों के सचिवों का अधिवेशन

# संसदीय मूल्यों में गिरावट रोकने सदनों में गंभीर चर्चा की आवश्यकता : सिंह



**घाना/भोपाल, देशबन्धु।** घाना की राजधानी आक्रा में आयोजित राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ सम्मेलन में मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि संसदीय मूल्यों की रक्षा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए सदनों में विधायी विषयों पर सतत गंभीर चर्चा किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसके लिए कोई शॉर्ट कट न हो, तभी विधायिका का नियंत्रण कार्यपालिका पर सुनिश्चित रह सकता है। इससे वर्तमान परिस्थितियों में इन सदनों व इनके सदस्यों की गरिमा बरकरार रह सकती है और लोकतांत्रिक मूल्यों के क्षरण को रोका जा सकता है। श्री सिंह ने यहां मध्यप्रदेश विधानसभा में किए गए नवाचारों का उल्लेख भी किया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रमण्डल देशों की संसद व विधान मंडलों के सचिवों की सोसाइटी का वार्षिक अधिवेशन के समापन अवसर पर घाना देश में लोकतंत्र के विकास प्रक्रिया पर प्रस्तुतीकरण के साथ संसदीय प्रणाली के प्रभावी कार्यकरण के विभिन्न पहलुओं पर परिचर्चा भी की गई। कार्यक्रम के अंत में एक सामूहिक फोटो भी कार्यक्रम में उपस्थित सचिवों का लिया गया।

श्री सिंह द्वारा इस सम्मेलन में सौंपे गए भारत प्रतिनिधि मंडल सचिव के दायित्व को भी सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस अवसर पर भारत एवं घाना सहित विभिन्न देशों की संसद के महासचिव, राज्य विधान मडलों के प्रमुख सचिव व सचिवों के साथ लंदन मुख्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे।

आप की ये कैसी राजनीति, जेल से मंत्री चला रहे विभाग : अनुराग ठाकुर

जबलपुर, देशबन्धु। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल तथा सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन से लेकर उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया कई महीनों से जेल में है। वहीं आप के सत्येंद्र जैन 10 महीने जेल में रहे व अभी भी है और जेल से ही विभाग चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब की आम आदमी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री से लेकर दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री को भ्रष्टाचार के चलते इस्तीफे देने पड़े। ये आम आदमी पार्टी की ये कैसी राजनीति है ? उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार के भ्रष्टाचार से अरविंद केजरीवाल का वास्तविक चेहरा उजागर हुआ है। जबलपुर में पत्रकार वार्ता में चर्चा करते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आप पार्टी के नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी पर मैं यही देख रहा हूं कि दिल्ली में जो भ्रष्ट सरकार आम आदमी की है। उसके उपमुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री से लेकर सांसद तक जेल में हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जो कभी भ्रष्टाचार मिटाने का नारा देते थे, धरने पर बैठते थे। आज भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि ये आप पार्टी के लोग कभी कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ धरने पर बैठते थे, अब श्री केजरीवाल अपने भ्रष्ट साथियों

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**राजस्थान, मप्र व केन्द्र को....** इस बेंच में जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस हिमा कोहली भी थे। फ्रीबीज मामले की सुनवाई पूर्व चीफ जस्टिस एनवी रमना की अगुआई में तीन सदस्यीय बेंच ने अगस्त 2022 में शुरू की थी। इस बेंच में जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस हिमा कोहली भी थे। चुनाव आयोग ने कहा था फ्री स्कीम्स की परिभाषा आप ही तय करें सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान 11 अगस्त को चुनाव आयोग ने कहा था कि फ्रीबीज पर पार्टियां क्या पॉलिसी अपनाती हैं, उसे रेगुलेट करना चुनाव आयोग के अधिकार में नहीं है। चुनावों से पहले फ्रीबीज का वादा करना या चुनाव के बाद उसे देना राजनीतिक पार्टियों का नीतिगत फैसला होता है। इस बारे में नियम बनाए बिना कोई कार्रवाई करना चुनाव आयोग की शक्तियों का दुरुपयोग करना होगा। कोर्ट ही तय करें कि फ्री स्कीम्स क्या हैं और क्या नहीं। इसके बाद हम इसे लागू करेंगे।

**महिला जजों की संख्या में....** कि हम कुछ खुशखबरी साझा करना चाहते हैं। यहां अदालत कक्ष में महाराष्ट्र के सिविल जज जूनियर डिवीजन के 75 न्यायाधीश हैं। 75 जजों के बैच में से 42 महिलाएं और 33 पुरुष हैं। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा के साथ मामले की सुनवाई के लिए बेंच में बैठे सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा यह चलन पूरे देश में दिख रहा है। महिला न्यायाधीशों की संख्या अधिक है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि वह दोपहर के भोजन के दौरान महिला न्यायाधीशों सहित सभी न्यायिक अधिकारियों से मुलाकात का प्रयास करेंगे। चीफ जस्टिस की टिप्पणी के बाद सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे समेत कुछ वकीलों ने सीजेआई से शीर्ष अदालत में महिला न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के लिए पर्याप्त कदम उठाने की अपील की।

**मध्यप्रदेश को विकास में नंबर....** मध्यप्रदेश में अन्न के भंडार भर दिए हैं। मध्यप्रदेश सबसे ज्यादा गेहूँ निर्यात करने वाला प्रांत बना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना से महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। लाड़ली बहना योजना सामाजिक क्रांति सिद्ध हुई है। प्रदेश में एक करोड़ 32 लाख बहनों के खातों में राशि अंतरित की जा रही है। लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ भी 46 लाख बेटियों को मिल रहा है। स्व-सहायता समूह के सदस्यों की संख्या 53 लाख है। विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूटी जैसी सुविधाएं दी जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा लोगों की जिंदगी आसान बनाना है। अपना मध्य प्रदेश समृद्ध और विकसित मध्य प्रदेश है। इसमें सामाजिक न्याय हमें देना है। सामाजिक न्याय का अर्थ संसाधनों का लाभ गरीबों को मिलना है। कुछ लोग कहते हैं कि निर्धनों को मुफ्त राशन क्यों दिया जा रहा, लेकिन सामाजिक क्रांति का अर्थ यही है कि राज्य के संसाधनों से जो आय अर्जित होती है, उसका अंश ऐसे लोगों को दिया जाए जिन्हें वास्तव में इसकी जरूरत है। प्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजातियों बैगा, सहरिया और भारिया की बहनों को आहार अनुदान योजना की राशि देना प्रारंभ की गई थी। इससे उनके परिवारों के बच्चों का पोषण ठीक हो गया। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना इसी सिद्धांत पर बनी ताकि बहनें परिवार की हालत ठीक कर सकें।

**बिहार में जातीय गणना के....** जिसमें बिहार में जाति सर्वेक्षण को मंजूरी दी गई थी। इसने मामले में अगली सुनवाई जनवरी में होगी। दरअसल, याचिकाकर्ता ने जातिगत जनगणना का विरोध किया है। तीन अक्तूबर को याचिकाकर्ता ने अदालत से कहा था कि बिहार सरकार ने जाति सर्वेक्षण के आंकड़े प्रकाशित कर दिए हैं। ऐसे में इस पर जल्द सुनवाई की जानी चाहिए। इस पर अदालत ने सुनवाई के लिए छह अक्तूबर की तारीख दी थी।

**नाजुक दौर से सशक्त दौर में....** कहा कि कोविड महामारी के दौर में भारत ने अपना टीका विकसित करके न केवल 200 करोड़ लोगों को वैक्सीन लगाई बल्कि अन्य देशों को भी वैक्सीन उपलब्ध कराई। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि देश में विभिन्न क्षेत्र उत्पादन के लिए खोले गए और विशेषकर रक्षा क्षेत्र में एक लाख करोड़ से अधिक का उत्पादन होने लगा है। भारत अब रक्षा के क्षेत्र में आयातक की श्रेणी से बाहर निकलकर उत्पादन करते हुए निर्यातक की श्रेणी में पहुंच रहा है। अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में भारत अब एक चमकते सितारे के रूप में उभरा है। महंगाई दर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 9 साल पहले महंगाई की दर 13 प्रतिशत थी जो अब घटकर 4.5 प्रतिशत रह गई है। देश में बढ़ते विदेशी मुद्रा भंडार का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि भारत में विदेशी मुद्रा भंडार कई गुना बढ़ चुका है। विभिन्न महत्वपूर्ण पहलों का उल्लेख करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन जैसी अनूठी पहलों के चलते महिलाओं की जीवनशैली में आमूलचूल बदलाव आया है। श्री ठाकुर ने कहा कि दुनिया में सबसे सस्ता डेटा वाले देश में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराने वाली मुद्रा लोन योजना की शुरुआत की गई जिससे युवाओं को रोजगार मिला है। इसके अलावा स्ट्रीट वेंडरों के उत्थान के लिए स्वनिधि योजना शुरू की गई और उसका लगातार विस्तार किया जा रहा है। देश में तेजी से बढ़ रहे डिजिटलाइजेशन का जिक्र करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि आज फोन में ही सर्टिफिकेट रखे जा सकते हैं और विदेशों में भी डेबिट कार्ड का उपयोग किया जा सकता है और भारतीय रुपये विश्व स्तर पर लेन-देन संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि डिजिटलाइजेशन के चलते बैंकों में धोखाधड़ी रुकी है और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का मुनाफा कई गुना बढ़ा है। श्री अनुराग ठाकुर ने विशिष्ट क्षेत्रों में पिछले 9 सालों में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन की श्रेणी में आने के साथ ही डीबीटी के जरिए भ्रष्टाचार को रोकने में सफल हुआ है। डीबीटी के जरिए देश में 32 लाख करोड़ का लाभार्थियों के खातों में सीधे भुगतान अंतरित किया गया है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के सम्मान के लिए 11 करोड़ से अधिक शौचालय बनाने के साथ ही आवासहीनों के लिए 4 करोड़ से अधिक पीएम आवासों का निर्माण किया गया है। एमएसएमई और डिजिटल इकॉनमी में अभूतपूर्व कदम रखते हुए 12 करोड़ से अधिक रोजगार सृजित किए गए हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 8 करोड़ नए उद्यमी बने हैं।

## ईडी ने संजय सिंह के तीन करीबियों को भेजा समन

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली शराब नीति मामले में आम आदमी पार्टी नेता और सांसद संजय सिंह के तीन करीबियों को समन भेजा है। इनमें विवेक त्यागी, सर्वेश मिश्रा और कंवरबीर सिंह का नाम शामिल है। जानकारी के मुताबिक ईडी इन तीनों से संजय सिंह के सामने पूछताछ करेगी। आप सांसद फिलहाल 10 अक्टूबर तक ईडी की हिरासत में हैं। सिंह को बुधवार 4 अक्टूबर को उनके दिल्ली वाले घर से ईडी ने दिनभर की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।संजय के इन करीबियों पर आरोप लगाते हुए ईडी ने कहा है कि सर्वेश ने संजय सिंह के घर पर उनकी तरफ से दो बार में 2 करोड़ रुपए लिए थे। वहीं संजय के पर्सनल असिस्टेंट विजय त्यागी को आरोपी अमित अरोड़ा की कंपनी अरालियास हॉस्पिटैलिटी के कमर्शियल प्रॉफिट में हिस्सा ऑफर किया गया था।

# सिक्किम में बाढ़ का तांडव जारी

सात हजार लोग फंसे, अब तक 7 जवानों समेत 25 की मौत

**गंगटोक, एजेंसी।** सिक्किम में गत तीन अक्टूबर को बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में बाढ़ आ गई थी। इस आपदा में जान गंवाने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 25 हो गई। बचाव कार्य लगातार जारी है। मुख्यमंत्री पीएस तमांग ने बताया कि बुरदांग इलाके से लापता हुए सेना के 23 जवानों में से 7 के शव नदी के निचले इलाकों से बरामद कर लिए गए हैं। लापता जवानों में से एक को बचा लिया गया था। 15 जवान समेत कुल 143 लोग अभी भी लापता हैं। इन्हें ढूंढने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व वायुसेना के हेलिकॉप्टर लगाए गए हैं। सिक्किम के मुख्य सचिव ने बताया कि बाढ़ के चलते अलग-अलग इलाकों में 7 हजार लोग फंसे हुए हैं। जिनमें से 3 हजार लोग लाचेन और लाचुंग में फंसे हैं। 700-800 ड्राइवर और 3 हजार से ज्यादा बाइकर्स भी वहां अटके हुए हैं। सभी को निकालने की कोशिश जारी है। बाढ़ के हालात देखते हुए शिक्षा विभाग ने 15 अक्टूबर तक सभी स्कूल बंद करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने पहले 8 अक्टूबर तक ही बंद करने की बात कही थी। बाढ़ में सिक्किम को देश से जोड़ने वाला नेशनल हाईवे नएएच-10 भी बह गया। राज्य सरकार ने इस घटना को आपदा घोषित किया है। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिक्किम के हालात जानने के लिए मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से बातचीत की। उन्हें मदद देने का आश्वासन दिया।

**सिक्किम के चार जिलों में हुआ सबसे ज्यादा नुकसान**- सिक्किम के 4 जिलों मंगन, गंगटोक, पाक्योंग और नामची में बाढ़ से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। यहां 22 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं, वहीं 2 हजार से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू किया गया है। यहां 26 रिलीफ कैंप लगाए गए हैं। इन चार जिलों में पानी की पाइपलाइन, सीवेज लाइन और 250 से ज्यादा घर टूट गए हैं। 11 ब्रिज तबाह हो गए हैं। सिक्किम में सैकड़ों गांव मुख्य मार्गों से कट चुके हैं। दिखचू, सिंगतम और रांगपो शहर पानी में डूब गए हैं। 2021 में इंटरनेशनल रिसर्चर्स की एक स्टडी सामने आई थी, जिसमें कहा गया था कि सिक्किम की साउथ ल्होनक झील कभी भी फूट सकती है। इसका प्रभाव निचले इलाकों में पड़ने की आशंका जताई गई थी। यह स्टडी जियोमॉर्फोलॉजी नाम के जर्नल में प्रकाशित हुई थी। इसमें कहा गया था कि बीते एक दशक में ल्होनक झील में तेजी से ग्लेशियर पिघले हैं। इसकी वजह से झील में बाढ़ आने की आशंका बढ़ी है।

### नदी के साथ बहकर आया मोर्टार फटा, दो की मौत

पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में कथित रूप से सेना का एक मोर्टार बाढ़ के पानी के साथ बहकर आ गया। एक व्यक्ति इसे घर ले गया और उसका लोहा बेचने के लिए तोड़ने की कोशिश की। तभी शेल फट गया। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई और 4 घायल हो गए। इस बीच, जलपाईगुड़ी पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर लोगों से नदी में बहने वाले किसी भी गोला-बारूद या विस्फोटक से दूर रहने के लिए कहा है। साथ ही पुलिस को इसकी सूचना देने की अपील की है। सिक्किम सरकार ने भी इसी तरह की चेतावनी जारी की है। उसमें कहा है कि तीस्ता नदी के बेसिन में जाएं तो सावधान रहें, क्योंकि गंदे पानी के नीचे विस्फोटक और गोला-बारूद हो सकता है।

ईरान में महिलाओं के दमन के खिलाफ लड़ी लड़ाई

# जेल में कैद नरगिस मोहम्मदी को मिला नोबेल शांति पुरस्कार

- सरकार ने 31 साल जेल व 154 कोड़ों की सजा दी
- नरगिस 19वीं महिला जिन्हें मिला सर्वोच्च सम्मान
- 8.33 करोड़ का इनाम व एक गोल्ड मेडल दिया जाएगा

**तेहरान, एजेंसी।** नार्वे की नोबल समिति ने ईरान की मानवाधिकार कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी को साल 2023 के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया है। उन्होंने ईरान में महिलाओं के दमन के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने ईरान में मानवाधिकारों को बढ़ावा दिया और सभी के लिए स्वतंत्रता का समर्थन किया। नोबेल समिति ने कहा कि नरगिस को इसके लिए निजी कीमत चुकानी पड़ी। उन्हें अब तक 13 बार गिरफ्तार किया जा चुका है। यही नहीं 5 बार दोषी ठहराया जा चुका है। नरगिस ने 31 साल जेल में बिताए हैं। यही नहीं उन्हें 154 कोड़े भी मारे गए हैं। समिति ने कहा कि इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार उन सैकड़ों-हजारों लोगों को भी पहचान देता है, जिन्होंने महिलाओं को निशाना बनाने वाली भेदभाव और धार्मिक शासन की उत्पीड़क नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई है। ईरान में महिलाओं के हक के लिए लड़ने वाली नरगिस मोहम्मदी को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया है। वह 19वीं महिला हैं, जिन्हें यह पुरस्कार मिला है। नोबेल मिलने के बाद नरगिस को 8.33 करोड़ का इनाम और एक गोल्ड मेडल दिया जाएगा। नरगिस ने एक किताब भी लिखी है, जिसका नाम व्हाइट टॉर्चर है। ईरानी हुकूमत की तमाम कोशिशों के बावजूद, मोहम्मदी की आवाज दबाई नहीं जा सकी। जेल में रहते हुए उन्होंने साथी कैदियों की तकलीफ को दर्ज करना शुरू किया। आखिरकार कैदियों से बातचीत के पूरे ब्योरे को उन्होंने व्हाइट टॉर्चर किताब में उतार दिया। 2022 में उन्हें रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के साहस पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

### अब तक 111 लोगों को मिला शांति का नोबेल

नोबेल शांति पुरस्कार की शुरुआत 1901 में हुई थी। अब तक यह सम्मान 111 लोग और 30 संस्थाओं को मिला है। नरगिस का जन्म कुर्दिस्तान ईरान के जंजन शहर में 21 अप्रैल 1972 में हुआ। उन्होंने फिजिक्स की पढ़ाई की थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने इंजीनियर के तौर पर काम किया। वो कॉलमनिस्ट भी रहीं। कई अखबारों के लिए लिखती थीं। 1990 के दशक से ही नरगिस महिलाओं के हक के लिए आवाज उठा रही थीं। 2003 में उन्होंने तेहरान के डिफेंडर्स ऑफ ह्यूमन राइट सेंटर में काम शुरू किया। नोबेल प्राइज की वेबसाइट के मुताबिक, नरगिस मोहम्मदी को जेल में बंद कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों की सहायता करने की कोशिश करने के आरोप में पहली बार 2011 में जेल हुई थी। उन्हें 2 साल बाद जमानत मिल गई थी। 2015 में उन्हें दोबारा जेल हुई।

### आठ साल से बच्चों से नहीं मिलीं नरगिस

जून में न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में नरगिस ने कहा था कि उन्होंने 8 साल से अपने बच्चों को नहीं देखा है। उन्होंने आखिरी बार अपनी जुड़वा बेटियों अली और कियाना की आवाज एक साल पहले सुनी थी। नरगिस की दोनों बेटियां उनके पति तागी रहमानी के साथ फ्रांस में रहती हैं। दरअसल, तागी भी एक पॉलिटिकल एक्टिविस्ट हैं। जिन्हें ईरान की सरकार ने 14 साल जेल की सजा दी थी।

# राजधानी

## सार समाचार

### दिव्यांग बच्चो की राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगितो कल

**भोपाल, देशबन्धु।** रोटरी क्लब भोपाल मिडटाउन द्वारा हर वर्ष दिव्यांगबच्चों के लिए शीतकालीन खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाती हैं। इस वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 8 अक्टूबर रविवार को टीटी नगर स्टेडियम में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में विदिशा, खरगोन, राजगढ़, होशंगाबाद, भोपाल, रीवा, जबलपुर, इंदौर, देवास, शुजालपुर , नरसिंगगढ़, नागदा के विभिन्न श्रेणी के लगभग डेढ़ हजार दिव्यांग बच्चे भाग लेने जा रहे हैं। स्पेशल ओलंपिक मापदंड के अनुसार दौड़, रिले दौड़, हिट द बाल, कैरम, पावर ऑफ रिस्ट, शॉटपुट प्रतियोगिता के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी।

### कलेक्टर ने 50 हजार की आर्थिक सहायता मंजूर की

**भोपाल, देशबन्धु।** कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा समय-समय पर कलेक्ट्रेट में आने वाले जिले के आवेदकों के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए निर्धन एवं दिव्यांग मोहम्मद आरिफ की बेटी के लिए रेडक्रास से 10 हजार रूपए, मोहम्मद कलीम उल्ला सिद्धीकी की बीमार पत्नि के इलाज के लिए 25 हजार रूपए एवं ह्रदय रोगी विकलांग के इलाज के लिए 15 हजार की आर्थिक सहायता दी गई ।

### मालवी गायन और मलखम्भ की प्रस्तुति आज

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित संभावना गतिविधि में 7 अक्टूबर शनिवार को नंदराम बारिया एवं साथी द्वारा मालवी गायन और सियाम पाल एवं साथी, सागर द्वारा मलखम्भ की प्रस्तुति दी जायेगी। मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय के सभागार में आयोजित यह गतिविधि शाम 6.30 बजे से होगी। इस गतिविधि का ऑनलाइन प्रसारण संस्कृति विभाग एवं मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जा रहा है।

### बुद्धिजीवियों की गिरफ्तारी के खिलाफ धरना कल

**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ पत्रकार लज्जाशंकर हरदेनिया और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता शैलेन्द्र शैली ने कहा है कि विगत कुछ वर्षों में भारत के संवैधानिक मूल्यों,अभिव्यक्ति की आज़ादी,सामाजिक न्याय,धर्म निरपेक्षता के लिए प्रतिबद्ध पत्रकारों ,लेखकों ,संस्कृति कर्मियों,बुद्धिजीवियों को सत्ता के संरक्षण में प्रताड़ित करने की वारदातें बढ़ती जा रही है। विगत दिनों भी देश के प्रतिष्ठित पत्रकारों को फर्जी प्रकरणों में फंसा कर प्रताड़ित किया गया। इस स्थिति के प्रतिरोध और प्रताड़ित पत्रकारों के प्रति अपनी एकजुटता की अभिव्यक्ति हेतु 8 अक्टूबर को शाम 5 से 7 बजे तक स्थानीय गांधी भवन गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष धरना आयोजित किया गया है।

# विधानसभा की तर्ज पर ननि में सवा 8 सौ शब्दों पर लगी पाबंदी

## परिषद की बैठक में पप्पू, भोपू, डाकू, चट्टे-बट्टे नहीं बोल पाएंगे पार्षद



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा की तर्ज पर अब भोपाल नगर निगम परिषद की बैठक में भी अभद्र या अमर्यादित शब्द कहने पर पाबंदी लगा दी है। बेईमान, एक थैली के चट्टे-बट्टे, पप्पू,, डाकू या फिर भोपाल के तालाब में आपको डूब जाना चाहिए जैसे 838 शब्द नहीं बोल पाएंगे। अगली ही बैठक से इस पर अमल शुरू हो जाएगा। ऐसा करने वाली भोपाल देश की पहली नगर निगम है।

नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने शुक्रवार को विधानसभा और लोकसभा की तर्ज पर ही अमर्यादित, असंसदीय शब्दों पर पुस्तिका जारी की। इस पुस्तिका में प्रकाशित शब्दों और वाक्यांशों को नगर निगम परिषद की बैठक में प्रतिबंधित कर दिया है। निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने बताया कि कई बार सदन में मौजूद सदस्य जाने-अनजाने या आवेश में आकर ऐसे शब्दों का उपयोग कर लेते हैं, जिससे सदन की मर्यादा प्रभावित होती है और कहीं न कहीं उन शब्दों का इस्तेमाल करने वाले सदस्य की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

### जान-बूझकर शब्द कहने पर सदन से होंगे बाहर

अध्यक्ष ने कहा कि अमर्यादित एवं असंसदीय शब्दों की पुस्तिका की एक-एक प्रति पार्षदों को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जाने-अनजाने में कोई सदस्य यदि पाबंदी वाले शब्द का उपयोग करते हैं तो माना जाएगा कि यह प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है, लेकिन जान-बूझकर ऐसा करने पर सदस्य को सदन से बाहर करने की कार्रवाई की जा सकती है।

### विस अध्यक्ष से चर्चा करने के बाद फैसला

श्री सूर्यवंशी ने बताया कि इस संबंध में मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम से चर्चा की गई थी। विधानसभा में असंसदीय और अमर्यादित शब्दों का अध्ययन किया। इनमें से 838 शब्दों को हमने चुना है, जो भोपाल निगम पर लागू किए हैं। अध्यक्ष ने कहा कि आवश्यकता के अनुसार संशोधन करेंगे। शब्द घटाए या बढ़ाए भी जा सकते हैं।

# करोंद में आरओबी का लोकार्पण



*लोकार्पण के बाद आरओबी लोगों के लिए खोल दिया गया।*

***भोपाल, देशबन्धु।*** *करोंद में 26 करोड़ रुपए से बने रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का लोकार्पण शुक्रवार शाम को हो गया। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने ब्रिज का लोकार्पण किया। इसके साथ स्मार्ट सड़क का भी लोकार्पण किया। करोंद रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी बनने से यातायात जाम होने की समस्या हल हो गई है। दरअसल रेलवे क्रॉसिंग से करोंद की ओर कृषि उपज मंडी और दूसरी ओर आरिफ नगर-डीआईजी बंगला क्षेत्र स्थित है। रेलवे क्रासिंग के चलते यहां वाहनों की आवाजाही में दिक्कत होती थी। लेकिन आरओबी के निर्माण से करोंद क्षेत्र के आसपास हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, गैस राहत कॉलोनी, नवीन नगर, बैरसिया रोड, आरिफ नगर, डीआईजी बंगला, जेपी नगर, चौकसे नगर, कैंची छोला, काजी कैंप सहित आसपास के इलाकों से प्रतिदिन आने-जाने वाले लगभग 5 लाख लोगों को रेलवे क्रॉसिंग पर बार-बार लगने वाले यातायात जाम से निजात मिलेगी। इसके साथ ही करोंद चौराहे से कृषि उपज मंडी तक लगभग 10 करोड़ की लागत से निर्मित स्मार्ट सड़क से भी यात्रियों का आवागमन सुगम होगा।*

# नेता जन्मजात नहीं होते, बनाए जाते है : डॉ. डालिमा पारवानी

## संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में छात्र संघ का गठन और शपथ ग्रहण



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय के छात्र संघ एवं टयूटर गर्जियन स्कीम के संयुक्त तत्वावधान में छात्र संघ का गठन किया गया एवं मनोनीत पदाधिकारियों हेतु शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं में नेतृत्व कौशल, सेवा एवं जिम्मेदारी की भावनाओं को बढ़ावा देना था।

शपथ ग्रहण समारोह में छात्र संघ पदाधिकारियों के रूप में अध्यक्ष पद पर कु . सानिया खालिद, उपाध्यक्ष कु. मैमूना खान, सचिव कु . इतिशा कपूर, सहसचिव कु . हिबा मरियम साथ ही चीफ एडिटर कु. प्रिया भोजवानी, कल्चरल हेड कु. याशिका लालवानी, स्पोर्ट्स हेड कु. उन्नति गोगिया एवं समस्त कक्षा प्रतिनिधियों ने ईमानदारी, अखंडता, विश्वास एवं उत्कृष्टा के मूल्यों के साथ अपने कर्त्तव्य निर्वहन की शपथ ग्रहण की।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नेता जन्मजात नहीं होते बनाये जाते है। नेतृत्व कौशल के लिए कठिन परिश्रम एवं समर्पण की आवश्यकता होती है। छात्र संघ पदाधिकारी अपने प्रयासों में उत्कृष्टा, सौम्यता एवं ईमानदारी को समाहित कर महाविद्यालय हित में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान प्रदान करेंगे, ऐसा मेरा विश्वास है। वहीं महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी छात्र संघ पदाधिकारियों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आटो चालक की लोहे की राड से पीट-पीटकर हत्या



**भोपाल, देशबन्धु।** कोलार थाना इलाके में चार लोगों ने एक आटो चालक की लोहे की राड, पाइप से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। बताया गया है कि आटो चालक का चार दिन पहले आरोपितों में शामिल एक युवक से विवाद हुआ था। तब आटो चालक ने उसके साथ मारपीट कर दी थी। इसका बदला लेने के लिए उसने अपने साथियों के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम दे दिया।

कोलार थाना पुलिस के मुताबिक जहांगीराबाद में आम वाली मस्जिद के पास रहने वाला 28 वर्षीय आमिर उर्फ समीरउद्दीन आटो चलाता था। वर्तमान में वह पत्नी के साथ कोलार रोड इलाके में किराए के मकान में रह रहा था। गुरुवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह आटो लेकर डी मार्ट के पास से गुजर रहा था। इस दौरान उसे संजय, गुलाबो उर्फ विजय, अजय और आशाराम नाम के युवकों ने रोक लिया। आमिर कुछ समझ पाता, तभी चारों ने उस पर राड, लोहे के पाइप से ताबड़तोड़ वार कर दिए। वारदात को अंजाम देकर सभी मौके से भाग निकले। गंभीर रूप से घायल हुए आमिर को उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहा कुछ देर तक चले उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और उसके परिजनों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

### चारों आरोपी हिरासत में, पूछताछ जारी

जोन-4 के डीसीपी सुंदर सिंह कनेश ने बताया कि समीरउद्दीन की हत्या के मामले में संजय, गुलाब, अजय और आसाराम को हिरासत में लिया है। यह चारों भानपुर के रहने वाले हैं। चारों से विवाद की वजह पूछी जा रही है। शुरुआती पूछताछ में उन्होंने बताया कि समीरउद्दीन को एक लड़की से बात करने से मना किया था। वह नहीं माना। इस बात को लेकर संजय का आमिर से विवाद हो गया था। तब आमिर ने संजय के साथ मारपीट कर दी थी। संजय तभी से बदला लेने की फिराक में था। गुरुवार को जैसे ही आमिर नजर आया, संजय ने साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी।

### भाई ने कहा- प्रिंस बुलाकर ले गया था

जहांगीराबाद में रहने वाले सैफुउद्दीन ने बताया कि बड़े भाई समीरउद्दीन को गुरुवार शाम को घर पर ही थे। तभी प्रिंस नाम का एक युवक घर आया था। वह भाई को बातचीत के बहाने बुलाकर ले गया। जाते समय भाई ने भाभी और बच्चे से कहा था कि कुछ काम है जल्द वापस आ रहा हूं। जब कई घंटे बीत गए और भाई घर नहीं पहुंचे तो उनकी पूछताछ की गई। बाद में पता चला कि उनका विवाद हुआ है। रात में हमें भाई की मौत की खबर मिली। परिजनों के मुताबिक समीरउद्दीन ने 2013 में प्रेम विवाह किया था। उसके परिवार में पत्नी और 5 साल का बेटा है।



# युवा नेताओं ने किया वृक्षारोपण

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** उपनगर में भाजपा के युवा नेताओं ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही समाज में वृक्षारोपण को लेकर एक जागरूकता अभियान भी शुरू किया गया। इस अवसर पर साहिल खान, आनंद खान चमन पाटीदार, कुलदीप भवासार आदि उपस्थित थे।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह के कार्यक्रम शुरू

**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,मप्र द्वारा संचालित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार से भोपाल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह (अक्टूबर) के कार्यक्रम आरम्भ हो गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन और सिविल सर्जन जयप्रकाश चिकित्सालय की निगरानी में आज से मानसिक स्वास्थ्य समस्या स्क्रीनिंग, उपचार और जागरूकता शिविर आरम्भ किये गए हैं जो सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और ज़िला अस्पताल में पूरे अक्टूबर माह में आयोजित होंगे। कोलार सीएचसी की ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. रश्मि वर्मा की निगरानी में आज आयोजित शिविर में मानसिक समस्याओं, नशा संबंधी समस्याओं और तनाव एवं आत्महत्या जैसी समस्याओं की स्क्रीनिंग कर पीड़ितों को उपचार और मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रदान किया गया। इसके साथ साथ मानसिक समस्याग्रस्त लोगों के मानवाधिकारों और मातृत्व मानसिक स्वास्थ्य के विषय में लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर टेली-मानस कार्यक्रम के अंतर्गत जारी मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नम्बरों को प्रचारित करते हुए एवम मनकक्ष में उपलब्ध सेवाओं की जानकारी देने के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य संबंधी आईईसी सामग्री वितरित की गई।

# 'लघु पत्रिकाओं की भूमिका के आदर्श थे कमलकांत सक्सेना'




**भोपाल, देशबन्धु।** कमलकांत सक्सेना लघु साहित्यिक पत्रिकाओं की पत्रकारिता के संबंध में एक अविस्मरणीय नाम रहा और वह इस उपक्रम की पक्षधरता के मज़बूत आदर्श रहे। श्री सक्सेना ने लघु पत्रिका के माध्यम से साहित्य जगत को बड़ा योगदान दिया और वह पत्रिका के माध्यम से साहित्यिक आंदोलनों को दिशा दे सके। कमल प्रसंग में वनमाली कथा पत्रिका के प्रधान संपादक मुकेश वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि अपने उद्बोधन में इस बात को प्रमुखता से रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव एवं मुख्य अतिथि वरिष्ठ लेखक मुकेश वर्मा ने भी यह माना कि कमलकांत सक्सेना साहित्य एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी अनूठी पहचान रखते थे और सभी पक्षों को साथ लेकर चलते रहे।

कमलकांत सक्सेना की 75वीं जयंती के अवसर पर वनमाली सृजनपीठ, मध्य प्रदेश लेखक संघ, माधवराव सप्रे संग्रहालय एवं साहित्य सागर के संयुक्त तत्वावधान में दुष्यंत कुमार स्मारक संग्रहालय के सभागार मेंहुए कार्यक्रम मेमहेश श्रीवास्तव ने कमलकांत सक्सेना को एक पत्रकार के रूप में याद करते हुए अपने संस्मरण सुनाये और यह रेखांकित किया कि उनकी साहित्यिक चेतना एवं जिज्ञासा सदैव जीवंत रहा करती थी. कमलकांत सक्सेना के अमृत जयंती समारोह में वरिष्ठ आलोचक एवं कलाकर्मी रामप्रकाश त्रिपाठी ने कहा, कमलकांत सक्सेना अपने विचारों पर अडिग रहने वाले पत्रकार एवं साहित्यकार थे। विचारधारा के स्तर पर अपने विरोधियों या असहमतों के प्रति वह दुराभाव नहीं रखते थे। मानवता व मित्रता के स्तर पर निष्ठा एवं कोमलता के सूत्र में सभी को बांध लेते थे।

कार्यक्रम में इंदौर से आए हुए वरिष्ठ साहित्यकार अरुण अपेक्षित ने आधार वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कमलकांत जी की शिवपुरी, ग्वालियर और भोपाल जैसे नगरों में पत्रकारिता एवं साहित्य सेवा के इतिहास को विस्तार से रखा। उन्होंने अपने लंबे वक्तव्य में यह रेखांकित किया कि कमलकांत जी ने किस तरह निर्भीक पत्रकारिता की, सिद्धांतों पर वह कैसे अडिग रहे, सरकारी लाभ के सामने घुटने नहीं टेके और कैसे अभावों एवं आक्रमणों के बावजूद लगातार साहित्य सेवा करते रहे। सेवानिवृत्त आईएएस केसी श्रीवास्तव ने कमलकांत जी की समाज सेवा को याद किया तो वहीं वयोवृद्ध गीतकार यतींद्रनाथ राही ने कुछ अंतरंग संस्मरणों के माध्यम से भावांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के प्रारंभ में वरिष्ठ कवि अशोक निर्मल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए इस आयोजन की आवश्यकता एवं सार्थकता पर प्रकाश डाला। इसके बाद कमल कहते हैं मुझे शीर्षक से भवेश दिलशाद निर्देशित शॉर्ट फ़िल्म का प्रसारण किया गया। साथ ही इसी शीर्षक से साहित्य सागर द्वारा प्रकाशित स्मारिका का लोकार्पण भी किया। वहीं कमलकांत सक्सेना की याद में उनकी जीवनसंगिनी आशा सक्सेना के साथ ही पुत्र एवं पुत्रवधू भवेश दिलशाद एवं आकांक्षा ने कार्यक्रम में देहदान की घोषणा की। किरण फाउंडेशन के प्रमुख डॉ. राकेश भार्गव एवं उनकी टीम ने उन्हें देहदान संबंधी प्रमाणपत्र भी भेंट किये। इसके साथ ही वरिष्ठ पत्रकार एल.एन. शीतल ने भी देहदान का संकल्प लिया एवं कवयित्री मधु सक्सेना ने अंगदान अभियान से जुड़ने की पेशकश की।

कार्यक्रम का संचालन भवेश दिलशाद ने किया तो अंत में आभार प्रदर्शन लेखक संघ के अध्यक्ष डॉ. रामवल्लभ आचार्य ने किया। इस आयोजन में मप्र लेखिका संघ की अध्यक्ष डॉ. कुमकुम गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अनिता सक्सेना, बाल साहित्य शोध संस्थान के अध्यक्ष महेश सक्सेना, वेदों के विद्वान प्रभुदयाल मिश्र, वरिष्ठ कवि ऋषि शृंगारी, रमेश नंद, स्वाभिमान शुक्ल, लोकप्रिय उद्घोषक व कलाकर्मी विमल भंडारी, उद्घोषिका जया आर्य, कल्याण अस्पताल के संचालक डॉ. आशुतोष दरबारी, चर्चित शिक्षकद्वय तपेश सक्सेना एवं दीक्षा मनीष सहित साहित्य, पत्रकारिता एवं समाजसेवा क्षेत्रों से जुड़े लोग उपस्थित थे।

### पोस्टरों के साथ ली तस्वीरें

कार्यक्रम में कमलकांत सक्सेना की कविताओं पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी विशेष आकर्षण रही। विदिशा निवासी चर्चित कवि ब्रज श्रीवास्तव की कैलीग्राफी और कोटा निवासी चर्चित कलाकार प्रवेश सोनी द्वारा बनाये गये चित्रात्मक पोस्टरों की इस प्रदर्शनी का अनावरण अतिथियों ने किया। वहीं सभागार में मौजूद लोग उपस्थित इन पोस्टरों के साथ तस्वीरें लेते रहे।


**म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड**
कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता ( संचा. / संधा.) संभाग, बण्डा
दूरभाष क्रं. 07583-252242,253011

क्रमांक- 155/4600 / क्रय / 2271 बण्डा, दिनांक 05.10.2023

**विद्युत प्रदाय बंद रहने की सूचना**

सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया किया जाता है, कि म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लि. संचा. / संधा. संभाग बण्डा में 11 के.व्ही. लाइन में दीपावली पूर्व संधारण कार्य हेतु शट-डाउन किया जाना है। जिससे संबंधित आसपास के क्षेत्र एवं गांव की विद्युत सप्लाई समय सुबह 8.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक अवरूद्ध रहेगी। सम्मानीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद है।

| क्रं. | आपूर्ति बंद रहने का दिनांक/ दिन | 33 KV/11 KV लाइन | प्रभावित उपकेन्द्र एवं संबंधित क्षेत्र | संबंधित अधिकारी | मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 08.10.2023 | 11 केव्ही बण्डा शहर फीडर | वि.के. बण्डा शहर अंतर्गत संजय कालोनी, शांतिनगर जैन मंदिर, बरा चौराहा से 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बण्डा तक | श्री व्ही.के. सोनी कनिष्ठ अभियंता | 9425613965 |
| 2 | 08.10.2023 | 11 केव्ही वाटर वर्क्स फीडर | वि.के. बण्डा शहर अंतर्गत सागर रोड बंडा, बांदरी रोड, कॉलेज रोड, सांईनाथ मंदिर, बरायठा तिगड्डा, बरा चौराहा से कन्या शाला | श्री व्ही.के. सोनी कनिष्ठ अभियंता | 9425613965 |
| 3 | 09.10.2023 | 11 केव्ही बण्डा शहर फीडर | वि.के. बण्डा शहर अंतर्गत जेल, संजय कॉलोनी, कन्या शाला, खुशीपुरा, श्यमशान घाट, अस्पताल, वार्ड क्रं. 12, 13, 14 | श्री व्ही.के. सोनी कनिष्ठ अभियंता | 9425613965 |
| 4 | 09.10.2023 | 11 केव्ही बण्डा बरा घरेलू फीडर | वि.के. बण्डा ग्रामीण के बण्डा - बरा घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री धर्मेन्द्र कुमार जैन कनिष्ठ अभियंता | 9425613963 |
| 5 | 09.10.2023 | 11 केव्ही दलपतपुर फीडर घरेलू | वि.के. शाहगढ़ के दलपतपुर घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री दीपक अहिरवार कनिष्ठ अभियंता | 9425613962 |
| 6 | 09.10.2023 | 11 केव्ही मगरधा फीडर घरेलू | वि.के.मगरधा के मगरधा घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री आर.के. सरयाम कनिष्ठ अभियंता | 9425613967 |
| 7 | 10.10.2023 | 11 केव्ही पटौआ फीडर घरेलू | वि.के. भड़राना के पटौआ घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री अनरथ सिंह ठाकुर कनिष्ठ अभियंता | 9425613911 |
| 8 | 10.10.2023 | 11 केव्ही शाहपुर फीडर घरेलू | वि.के. शाहपुर, शाहपुर घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री रवि सोलंकी कनिष्ठ अभियंता | 9425613950 |
| 9 | 10.10.2023 | 11 केव्ही सानौधा फीडर घरेलू | वि.के. कर्रापुर के सानौधा घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री अच्छे लाल तिवारी सहायक अभियंता | 9425613964 |
| 10 | 10.10.2023 | 11 केव्ही छपरी-बण्डा घरेलू फीडर | वि.के. बण्डा ग्रामीण के छापरी-बण्डा घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री धर्मेन्द्र कुमार जैन कनिष्ठ अभियंता | 9425613963 |
| 11 | 10.10.2023 | 11 केव्ही उल्दन-पिपरिया फीडर घरेलू | वि.के. बहरोल के उल्दन-पिपरिया घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री अमर सींग ठाकुर कनिष्ठ अभियंता | 7773001871 |
| 12 | 11.10.2023 | 11 केव्ही बरायठा फीडर घरेलू | वि.के. शाहगढ़ के बरायठा घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री दीपक अहिरवार कनिष्ठ अभियंता | 9425613962 |
| 13 | 11.10.2023 | 11 केव्ही गूगरा फीडर घरेलू | वि.के. शाहगढ़, के गूगरा फीडर के समस्त ग्राम | श्री दीपक अहिरवार कनिष्ठ अभियंता | 9425613962 |
| 14 | 12.10.2023 | 11 केव्ही किशनपुरा फीडर घरेलू | वि.के. शाहगढ़ के किशनपुरा घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री दीपक अहिरवार कनिष्ठ अभियंता | 9425613962 |
| 15 | 12.10.2023 | 11 केव्ही हीरापुर फीडर घरेलू | वि.के. शाहगढ, के हीरापुर फीडर के समस्त ग्राम | श्री दीपक अहिरवार कनिष्ठ अभियंता | 9425613962 |
| 16 | 12.10.2023 | 11 केव्ही सानौधा फीडर कृषि | वि.के. कर्रापुर के सानौधा कृषि फीडर के समस्त ग्राम | श्री अच्छे लाल तिवारी सहायक अभियंता | 9425613964 |
| 17 | 13.10.2023 | 11 केव्ही छापरी कृषि फीडर | वि.के. बण्डा ग्रामीण के छापरी कृषि फीडर के समस्त ग्राम | श्री धर्मेन्द्र कुमार जैन कनिष्ठ अभियंता | 9425613963 |
| 18 | 13.10.2023 | 11 केव्ही खटौरा फीडर घरेलू | वि.के. शाहगढ़, के खटौरा घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री दीपक अहिरवार कनिष्ठ अभियंता | 9425613962 |
| 19 | 13.10.2023 | 11 केव्ही रूरावन-रजौला फीडर घरेलू | वि.के. शाहगढ, के रूरावन-रजौला घरेलू फीडर के समस्त ग्राम | श्री दीपक अहिरवार कनिष्ठ अभियंता | 9425613962 |
| 20 | 14.10.2023 | 11 केव्ही गोमतपुर फीडर घरेलू | वि.के. शाहगढ़, के गोमदपुर फीडर के समस्त ग्राम | श्री दीपक अहिरवार कनिष्ठ अभियंता | 9425613962 |

नोट:-उच्चदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त दिवस में विद्युत प्रवाह बंद होने पर आपसे अनुरोध है, कि अपनी वैकल्पिक व्यवस्था करने का कष्ट करें। आवश्यकतानुसार समय एवं कार्यक्रम में परिवर्तन किया जा सकता है। विद्युत का वैधानिक उपयोग करें।

बिजली संबंधी सभी शिकायतों को 1912 नि:शुल्क नम्बर पर दर्ज करें।

पेपरलेस बिलिंग योजना के तहत विद्युत बिल प्राप्त करने हेतु अपना मोबाईल नंबर 1912 पर नि:शुल्क रजिस्टर्ड करायें ।

**कार्यपालन अभियंता**
**संचा./ संधा. संभाग बण्डा**

# अभिमत

*आपातकाल में मीडिया को दूसरे ढंग से दबोचा जाता था। अखबारों पर पहरा, विचारों पर गिद्ध दृष्टि गये ज़माने की बात नहीं है। मगर इसमें जो तड़का लगा है, वो है टैक्स हीवेन या दुनिया के दूसरे लोकेशन से आया पैसा। चीन यदि भूल से भी मनी रूट में है, उस मीडिया कंपनी की ख़ैर नहीं। मगर, बात यह है कि सरकार एक व्हाइट पेपर जारी क्यों नहीं करती, जिसमें देश के सभी मीडिया समूह के लिए आये पैसे का डिटेल हो?*

## देश की सभी मीडिया कंपनियों का 'मनी रूट' बता दीजिए!



पुष्परंजन

पत्रकारों पर यूएपीए लगाना सचमुच भयावह है। सुप्रीम कोर्ट क्या स्टैंड लेता है, इस पर पूरी दुनिया की नज़र है। उस पर मुहर हम भी नहीं लगाते कि मीडिया में सब कुछ साफ-सुथरा चल रहा है, लेकिन संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और बीजेपी के कितने नेता चीन गये? उनके खातों में कितने पैसे चीन-हांगकांग से आये, सरकार इतना भर बता दे!

अगस्त 1947 में भारत के स्वतंत्र होने के बाद, तिब्बत ने ब्रिटिश अधिग्रहण का विरोध किया। दो माह बाद, अक्टूबर 1947 में तिब्बत ने मांग की, कि भारत लद्दाख, सिक्किम और दार्जिलिंग वापस कर दे। पटेल ने उसे अनसुना कर दिया। अक्टूबर 1950 में, चीनी सैनिकों ने चामडो में तिब्बती सेना को हरा दिया। जब भारत ने विरोध किया तो चीन ने उसके विरोध को दरकिनार कर दिया। इससे भारत और चीन में दरार की शुरूआत हो गई।

उप प्रधानमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल ने तिब्बत की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए नेहरू को एक पत्र लिखा। पटेल के विचार मायने रखते थे। वह महात्मा गांधी के करीबी सहयोगी और मित्र थे। पटेल के नेतृत्व में, भारत ने 500 से अधिक रियासतों को आत्मसात कर लिया था, जिनमें स्वतंत्रता-पूर्व भारत का 40 प्रतिशत क्षेत्र और 22 फीसद आबादी शामिल थी। इसने पटेल जैसे परम शक्तिशाली उप प्रधानमंत्री को 'भारत के लौह पुरुष' की उपाधि दी थी। दुर्भाग्यवश पटेल की जो विश्वप्रसिद्ध मूर्ति गुजरात में लगी, वो मेड इन चाइना है। जो लोग नरेंद्र मोदी द्वारा सरदार पटेल की मेड इन चाइना मूर्ति लगाने के फैसले को नमन करते हैं, उसे विवेक शून्य मानसिकता से अधिक कुछ नहीं कहा जा सकता।

1962 से लेकर 70 के दशक तक चीन से जो हमारे संबंध बिगड़े, उसे 1978 में सुधारने का सबसे पहला प्रयास तत्कालीन विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। अटलजी बतौर विदेश मंत्री 22 फरवरी 1979 को पेइचिंग गए। चीन ने सिक्किम और भूटान दोनों पर अपना रुख नरम कर लिया। लेकिन चीन अपने स्वभाव से बाज़ नहीं आया। 1986 में तब तनाव भड़क गया, जब भारतीय सैनिकों को सुमदोरोंग चू घाटी पर चीनी कब्जे का सामना करना पड़ा। चीन से दोस्ती-दुश्मनी का सिलसिला चलता रहा।

1988 में जब तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने चीन का दौरा किया, दोनों पक्षों ने बेहतर संबंध स्थापित किए, जो 1991 में सोवियत संघ के पतन के बाद और बेहतर हुए। 1993 में, भारत और चीन ने सीमा समझौते पर हस्ताक्षर किए। अगले दो दशकों तक भारत और चीन किसी भी बड़े टकराव से बचते रहे। 1996 में, दोनों पक्ष वास्तविक नियंत्रण रेखा से दो किलोमीटर के भीतर बंदूकों या विस्फोटकों के इस्तेमाल नहीं करने पर भी सहमत हुए। नेताओं ने एक-दूसरे के देशों का दौरा किया, व्यापार बढ़ाया और आपसी सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

ठीक से देखा जाए तो चीनी राष्ट्रवाद हान आबादी की वजह से मज़बूत होता रहा है, चुनांचे हान और हिंदू राष्ट्रवाद के बीच दशकों पहले से एक संवाद शुरू हुआ। हिंदू नेताओं ने जिस उत्साह के साथ चीन के दौरे किये, उसके मूल में हान राष्ट्रवाद को समझने और उसके अनुरूप हिंदू राष्ट्रवाद को जीवट बनाने की उत्कंठा थी। शायद बढ़ता आर्थिक दबाव भी चीन के नए राष्ट्रवाद में योगदान देता रहा है। वहां की लीडरशिप ने चीनी उद्यमियों को निवेश में आगे बढ़ने की अनुमति दी। दूसरा, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को बढ़ाया गया, जिससे दूरसंचार, ब्रॉडबैंड, सड़क, रेल, बंदरगाह, बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण के साथ-साथ अधोसंरचना में भारी निवेश किया। तीसरा, माइक्रो-इकोनॉमी को आगे बढ़ाने के वास्ते स्टार्टअप को शी सरकार ने खुलकर मदद दी।

पिछले दस वर्षों में पूरी दुनिया के साथ-साथ चीन ने जिस तरह भारत में पांव पसारे, उसे लेकर बड़ा सवाल बनता है। सवाल यह कि भारत ने क्या चीनी अर्थव्यवस्था को सुधारने की ज़िम्मेदारी ले ली थी? चीन के सामान्य सीमा शुल्क प्रशासन द्वारा 7 सितंबर, 2023 को जारी डाटा ही देख लीजिए। आंकड़ों के अनुसार, 2023 के पहले आठ महीनों के दौरान चीन और भारत के बीच व्यापार 619.69 बिलियन युआन (84.49 बिलियन डॉलर) तक पहुंच गया, जो साल-दर-साल 5.2 प्रतिशत अधिक है। चीन-भारत क्रास बॉर्डर व्यापार 2022 में चरम पर रहा है। 905 अरब यूआन का व्यापार तब जब चीनी माल के बहिष्कार का आह्वान किया गया था। यह व्यापार हर साल 5.2 प्रतिशत की दर से बढ़ता गया है। कौन बताएगा इसके पीछे का अर्थशास्त्र?

इस अर्थशास्त्र से अलहदा राजनीति के गलियारों में चीनी फंडिंग को लेकर आरोप-प्रत्यारोप चलते रहे हैं, जिसमें अब मीडिया भी शामिल हो चुका है। चीनी फंडिंग के आरोप पहले कांग्रेस पर लगे, जवाब में कांग्रेस ने बीजेपी पर सवाल चिपका दिया कि चीनी कंपनी हुआवेई ने पार्टी फंड में कितना पैसा दिया था, इसकी जानकारी सार्वजनिक करें। क्या 2019 चुनाव के वास्ते चीन से पैसा आया था? ऐसे तमाम सवाल कांग्रेस के प्रेस कांफ्रेंस से निकल मुख्यधारा की मीडिया में घूमते रहे। सीनाजोरी का सिलसिला सत्ता पक्ष से चलता रहा, मगर सवाल का उत्तर सत्ता के गलियारे में अब भी प्रतीक्षारत है। ऐसे प्रकरण पर सबसे दिलचस्प है दिल्ली स्थित चीनी दूतावास की चुप्पी।

जब मीडिया को कुचलने की बात होती है, आपातकाल का जिन्न बोतल से बाहर निकल आता है। मगर, जिन पुराने पत्रकारों ने देखा है, वो भी स्वीकारते हैं कि आपातकाल में मीडिया को दूसरे ढंग से दबोचा जाता था। अखबारों पर पहरा, विचारों पर गिद्ध दृष्टि गये ज़माने की बात नहीं है। मगर इसमें जो तड़का लगा है, वो है टैक्स हीवेन या दुनिया के दूसरे लोकेशन से आया पैसा। चीन यदि भूल से भी मनी रूट में है, उस मीडिया कंपनी की ख़ैर नहीं। सीरिया, तुर्की या अरब अमीरात से भी आये तो भी उनकी ख़ैर नहीं जो सरकार के आलोचक हैं। मगर, बात यह है कि सरकार एक व्हाइट पेपर जारी क्यों नहीं करती जिसमें देश के सभी मीडिया समूह के लिए आये पैसे का डिटेल हो?

प्रवर्तन निदेशालय ने मीडिया दिग्गज राघव बहल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था। राघव बहल एक भारतीय व्यवसायी, टीवर समूहों में निवेशक रहे हैं। वह नेटवर्क18 ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक थे। राघव बहल बाद में द क्विंट डिज़िटल प्लेटफार्म के प्रोमोटर भी बने। अगस्त 2023 तक का अपडेट यह है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में विदेश जाने पर जो रोक लगाई थी अदालत ने उसे ख़ारिज़ कर बिज़नेस मीटिंग के लिए बाहर जाने की अनुमति दे दी। द क्विंट पर मुश्कें कसने का क़िस्सा राघव बहल से ही शुरू हो जाता है। जो शाहे वक्त को सलाम करते हैं, उनका पैसा सफेद, बाकियों का पैसा देश की छवि ख़राब करने में लगा है, इस तरह की नैरेटिव गढ़ दी गई।

प्रवर्तन निदेशालय ने पत्रकार राणा अयूब के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था। प्रवर्तन निदेशालय ने पत्रकार सिद्दीकी कप्पन को भी मनी लॉन्ड्रिंग के केस में दबोच लिया था, जो अब जमानत पर रिहा हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने स्वतंत्र पत्रकार राजीव शर्मा को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था।

इसलिए न्यूज क्लिक की फंडिंग को लेकर केस का अकेला मामला नहीं है। मीडिया कंपनियों के विरूद्ध मनी लॉन्ड्रिंग के केस, छापामारी, गिरफ्तारी के बहुत सारे उदाहरण मिल जाएंगे। जो आज सत्ता की आरती उतार रहे हैं, उनमें दो प्रमुख चेहरे ऐसे भी हैं, जो तिहाड़ रिटर्न हैं। सोशल मीडिया में उनमें से एक तिहाड़ी नाम से मशहूर है। लेकिन ये मनी लॉन्ड्रिंग नहीं ठगी और ब्लैकमेलिंग की वजह से बदनाम हुए हैं।

बताया जाता है कि न्यूज क्लिक का टोटल मामला फंडिंग को लेकर है। मगर सवाल यह है पोर्टल के प्रबंधकों ने कहां से पैसा लिया, उसकी जानकारी किसी पत्रकार या सब-एडिटर या टेक्निकल कर्मचारी को कैसे हो सकती है? बात कर्मचारियों तक नहीं रही। बल्कि वेबसाइट पर लिखने वाले फ्रीलांसरों तक को नहीं बख्शा गया। खुद दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया कि 46 संदिग्धों से पूछताछ की गई, और उनमें से कईयों को आगे भी इसके लिए तैयार रहने को कहा गया है।

क्या यह न्याय की उचित प्रक्रिया है? इस छापेमारी से यह बताने की कोशिश की गई है कि जो पत्रकार सत्ता के विरूद्ध आक्रामक हैं, उन्हें भी मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामले में लपेटा जाएगा। एक और सच यह है कि इस छापेमारी कांड से पत्रकार बिरादरी दो टुकड़ों में बंटी दीखती है, और एक तीसरा हिस्सा है, जो तटस्थ होने का अभिनय कर रहा है। समय लिखेगा उनका भी अपराध।

4 अक्टूबर को पत्रकारों के विभिन्न संगठनों की ओर से एक संयुक्त पत्र भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को लिखा गया है। इस पत्र में कहा गया है कि मीडिया के खिलाफ सरकार की दमनकारी कार्रवाइयां हद से ज़्यादा बढ़ गई हैं। प्रधान न्यायाधीश से अपील की गई है कि वह मीडिया के विरूद्ध जांच एजेंसियों के बढ़ते दमनकारी उपयोग को समाप्त करने के लिए फौरन हस्तक्षेप करें।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को जिन पत्रकार संगठनों ने यह साझा पत्र लिखा है, उसमें डिजीपब न्यूज इंडिया फाउंडेशन, इंडियन वूमेन प्रेस कॉर्प्स, प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली फाउंडेशन फॉर मीडिया प्रोफेशनल्स, नेटवर्क ऑफ वीमेन इन मीडिया, चंडीगढ़ प्रेस क्लब, नेशनल अलायंस ऑफ जर्नलिस्ट्स, दिल्ली यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, केरल यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स, बृहन्मुंबई यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, फ्री स्पीच कलेक्टिव, मुंबई, मुंबई प्रेस क्लब, अरुणाचल प्रदेश यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट, प्रेस एसोसिएशन ऑफ इंडिया, गुवाहाटी प्रेस क्लब शामिल हैं। संगठनों के साझा पत्र में लिखा गया कि तीन अक्टूबर, 2023 को, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पत्रकारों, संपादकों, लेखकों समेत 46 पेशेवरों के घरों पर छापा मारा है। दो टॉप बॉस गिरफ्तार हैं। तो क्या संपूर्ण सोशल मीडिया को डराने की कवायद है यह?

पत्रकारों पर यूएपीए लगाना सचमुच भयावह है। सुप्रीम कोर्ट क्या स्टैंड लेता है, इस पर पूरी दुनिया की नज़र है। उस पर मुहर हम भी नहीं लगाते कि मीडिया में सब कुछ साफ-सुथरा चल रहा है, लेकिन संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और बीजेपी के कितने नेता चीन गये? उनके खातों में कितने पैसे चीन-हांगकांग से आये, सरकार इतना भर बता दे!

pushpr1@rediffmail.com

### बीता सप्ताह

**30 सितंबर**
- महिला आरक्षण बिल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हस्ताक्षर कर नया कानून बनाया।
- पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बम विस्फोट में 55 लोगों की मौत हो गई।
- छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता अनुपम भार्गव की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।
- पाक्सो मामले में विधि आयोग ने केंद्र को सलाह दी कि सहमति से संबंध बनाने की उम्र 18 वर्ष ही रखी जाए।

**1 अक्टूबर**
- एशियाई खेल हांगझाऊ में भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से हराया।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने दो हजार रुपए के नोट बदलने की तिथि 7 अक्टूबर तक बढ़ाई।
- 29 सितंबर को चीन ने दो करोड़ यात्रियों की यात्रा का कीर्तिमान स्थापित किया।
- न्यूयार्क में बाढ़ के कारण आपातकाल घोषित किया गया।

**2 अक्टूबर**
- मुख्य चुनाव आयुक्त संजीव कुमार ने राजस्थान में पहली बार घर से वोट देने की सुविधा देने की बात कही।
- एशियन गेम्स एथलेटिक्स में अविनाश साबले ने स्वर्ण पदक जीता।
- मालदीव में प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार मोहम्मद मोइज्जू ने राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता।
- भारत की शीर्ष गोल्फर अदिति अशोक हांगझोऊ एशियन गेम्स में व्यक्तिगत गोल्फ स्पर्धा में रजत पदक जीता।

**3 अक्टूबर**
- बिहार जातीय गणना के आंकड़े जारी कर पहला राज्य बना। जनजाति व अनुसूचित जनजाति की आबादी 84 बताई गई।
- हंगेरियन अमेरिकी बायोकेमिस्ट बैटालिक कारिको और अमेरिकी चिकित्सक व वैज्ञानिक डरु पीसमैन को कोविड-19 टीमों में इस्तेमाल की जाने वाली संशोधित मैसेजर आरएनए तकनीक विकसित करने के लिए मेडीसीन में 2023 का नोबेल पुरस्कार दिया गया।
- तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने नया संविधान बनाने का संकल्प लिया।
- मैक्सिकन शहर स्मूदाद माडेरो में एक चर्च की छत गिर जाने से नौ लोगों की मौत हो गई।

**4 अक्टूबर**
- भौतिकी में तीन वैज्ञानिक पियरे एगोस्टिनी फेरेक क्रॉस्त्र और ऐनी एल. हुईलियर को 2023 का नोबेल पुरस्कार दिया गया।
- दिल्ली पुलिस ने दिल्ली में 'न्यूज़क्लिक' का दफ्तर सील कर पत्रकार उर्मिलेश औनियो चक्रवर्ती, अभिसार शर्मा, परंजय गुहा से पूछताछ की।
- एशियन गेम्स में अन्नू रानी ने भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता।
- भारत की पारूल चौधरी ने एशियन गेम्स में 5 हजार मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीता।

**5 अक्टूबर**
- हांगझोऊ में चल रहे एशियन गेम्स में भाला फेंक में भारत के नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण एवं किशोर जैना ने रजत पदक जीता।
- सिक्किम में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में 43 लोग लापता हो गए जिसमें 23 जवान भी शामिल थे।
- रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज़ ने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉडी (एमआईटी) से मौंगीजी बावेंडा, कोलम्बिया विश्वविद्यालय से लुईज़ बुस और नैनो क्रिस्टल टेक्नालॉजी में काम करने वाले एलेक्सी आई एकिमोव को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में 2023 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया।
- फोर्ब्स 2023 द्वारा जारी अमेरिका के 400 लोगों की सूची में सबसे अमीर टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क पहले स्थान पर हैं।

**6 अक्टूबर**
- नार्वे के साहित्यकार जॉन फॉसे को 2023 के नोबेल साहित्य सम्मान से पुरस्कृत करने के लिए नोबेल साहित्य समिति के अध्यक्ष एंडर्स ओल्सन ने घोषणा की।
- हांगझोऊ के एशियाई खेल में भारत के ओजस देवताले, अभिषेक वर्मा, जावकर प्रथमेश समाधान की जोड़ी ने तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीत लिया।
- दीपिका पल्लीवाल और हरिंदर पाल सिंह सिंधु की जोड़ी ने एशियाई खेल में स्क्वैश मिश्रित युगल स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीता।
- मनी लॉन्ड्रिग दिल्ली शराब नीति घोटाला में गिरफ्तार आप पार्टी के नेता सांसद संजय सिंह को राउत एवेन्यू कोर्ट ने 10 अक्टूबर तक ईडी की रिमांड में भेजा।

## केन्द्र की नीतियां तेजी से बढ़ा रही हैं आम लोगों के लिए आर्थिक संकट

पिछले रविवार को लाखों की संख्या में केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर राजधानी नई दिल्ली में जुटे। इस विशाल रैली की खबर मीडिया में महज एक घटना के रूप में वर्णित करने तक ही सीमित थी, जो हमारे देश में व्याप्त गहरी आर्थिक अस्वस्थता को छिपाने का काम ही कर रही थी।

पुरानी पेंशन योजना के अनुसार, एक कर्मचारी अपने अंतिम वेतन का 50प्रतिशत पेंशन के रूप में प्राप्त करने का हकदार था। मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए इस राशि को भी वार्षिक रूप से समायोजित किया जाता था। दूसरी ओर, नई पेंशन योजना सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वह राशि लौटाती है जो पुरानी पेंशन योजना के तहत उन्हें मिलने वाली राशि के आधे से अधिक नहीं होती है। कानून कहता है कि 2004 के बाद सेवा में आये सभी लोग नई पेंशन योजना के तहत आयेंगे।

आज 20 साल बाद पेंशन का मुद्दा विभिन्न राज्यों में चुनावों को प्रभावित करने वाला एक ज्वलंत मुद्दा बन गया है, जो बढ़ती कीमतों और कम आय के साथ भारत में जीवनयापन के गहरे संकट को दर्शाता है। यहां तक कि मध्यम वर्ग के लिए भी आजीविका अधिक दयनीय होती जा रही है। जब नई पेंशन योजना को संसद में लाया गया था, तो सीपीआई (एम) ने इस सिद्धांत का पालन करते हुए कि पेंशन एक कर्मचारी का अधिकार है, न कि खैरात, नई योजना का विरोध किया था। आज हमारे विरोध के कारणों को सही ठहराया जा रहा है।



सीताराम येचुरी

मोदी सरकार के तहत सांप्रदायिक-कॉर्पोरेट गठजोड़ मजबूत होने के साथ, देश में उत्पन्न होने वाली अधिकांश संपत्ति पर पूंजीपतियों का कब्ज़ा हो गया है। अडानी मामला इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। देश की संपत्ति को हमारे अधिकांश लोगों की कीमत पर कुछ पूंजीपतियों को समृद्ध करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। मोदी की आर्थिक नीतियां दो भारत बनाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है।

हमारे लोगों की वास्तविक आय में कमी, जीवन को और अधिक दयनीय बनाने के अलावा, देश के आर्थिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। लोगों के हाथों में क्रय शक्ति कम होने से घरेलू मांग कम हो जाती है, निवेश कम हो जाता है, क्योंकि ऐसे निवेश से उत्पादित उत्पादों के लिए कोई बाजार नहीं होता है। निवेश तभी बढ़ता है जब उत्पादित वस्तुओं को मुनाफा कमाने और विकास उत्पन्न करने के लिए बेचा जाता है। मांग के बिना निवेश नहीं बढ़ता और इसलिए आर्थिक विकास नहीं हो सकता। यह आज भारतीय अर्थव्यवस्था को परेशान करने वाली मूलभूत समस्या है।

मोदी सरकार के तहत सांप्रदायिक-कॉर्पोरेट गठजोड़ मजबूत होने के साथ, देश में उत्पन्न होने वाली अधिकांश संपत्ति पर पूंजीपतियों का कब्ज़ा हो गया है। अडानी मामला इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। देश की संपत्ति को हमारे अधिकांश लोगों की कीमत पर कुछ पूंजीपतियों को समृद्ध करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। मोदी की आर्थिक नीतियां दो भारत बनाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही हैं- अमीरों के लिए एक चमकदार भारत और गरीबों के लिए एक पीड़ित भारत।

लेकिन मोदी स्पिन मशीन का निरंतर प्रचार एक पुनर्जीवित भारत को दुनिया में सकल घरेलू उत्पाद के मामले में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर करता है। चाहे सरकार का नेतृत्व कोई भी करे, वर्तमान सांख्यिकीय रुझानों के आधार पर भारत 2027 में तीसरे स्थान पर होगा। लेकिन सच्चाई प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में भारत की स्थिति में निहित है। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में भारत आज दुनिया में 142वें स्थान पर है।

हाल के जी-20 शिखर सम्मेलन का उपयोग भारत को उभरती आर्थिक महाशक्ति के रूप में पेश करने के लिए किया गया था, लेकिन सच्चाई फिर से तथ्यों में निहित है। सभी जी-20 देशों में, भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी सबसे कम है और मानव विकास सूचकांकों के मामले में यह सबसे निचले स्थान पर है। हम अर्थव्यवस्था में सबसे कम श्रम भागीदारी दर भी दर्ज करते हैं, जो बेरोजगारी के उच्चतम स्तर को दर्शाता है।

लोगों की क्रय शक्ति में जारी इस गिरावट का असर व्यापक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। अर्थव्यवस्था में निवेश के नये प्रस्तावों में पिछले वर्ष के मुकाबले सरकारी निवेश में 72.5 प्रतिशत और निजी निवेश में 79.2 प्रतिशत की गिरावट आई है।

'मेक इन इंडिया' की दस साल की शानदार सफलता पर बड़ा शोर मचाया जा रहा है। सत्य क्या है? 2013-14 से विनिर्माण वृद्धि औसतन 5.9 प्रतिशत रही है, जो 12-14प्रतिशत के लक्ष्य से कम है। विनिर्माण क्षेत्र की जीडीपी हिस्सेदारी 25 प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले लगभग 16.4 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। 2011-12 और 2021-22 के बीच विनिर्माण क्षेत्र में नौकरियां 12.6प्रतिशत से घटकर 11.6प्रतिशत हो गईं। मोदी ने बड़ी धूमधाम से लाल किले से ओबीसी के लिए विश्वकर्मा परियोजनाओं की घोषणा की और कुशल कारीगरों के लिए 13,000-15,000 करोड़ रुपये खर्च करने का दावा किया। हालांकि, संसद में जो घोषणा की गई वह अगले पांच वर्षों में पांच प्रतिशत ब्याज दर पर वितरित किए जाने वाले 13,000 करोड़ रुपये के ऋण पैकेज की थी!

ग्रामीण संकट भी बढ़ रहा है। मनरेगा की मांग, जो जीवित रहने के लिए संकट के स्तर को दर्शाती है, पिछले साल 16.3प्रतिशत और 2019-20 से 29.4प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई। आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 वास्तविक मजदूरी में नकारात्मक वृद्धि की रिपोर्ट करता है।

इन सबका शुद्ध परिणाम आर्थिक गतिविधियों का सिकुड़ना है। यह परिधान, समुद्री उत्पाद, प्लास्टिक, रत्न और आभूषण जैसे श्रम-केंद्रित निर्यात में गिरावट में परिलक्षित होता है। वैश्विक बाजार में भारत की हिस्सेदारी तेजी से घट रही है, जिसका मतलब है कि इन क्षेत्रों में घरेलू रोजगार भी तेजी से घट रहा है।

नतीजा यह हुआ कि अगस्त 2023 में बेरोजगारी दर 8.1 फीसदी थी। 2022 में युवा बेरोजगारी (15-24 वर्ष) 23.22 प्रतिशत थी। स्नातकों में बेरोजगारी 42 प्रतिशत है। इस वर्ष अगस्त महीने तक लगभग 2 करोड़ परिवारों ने मनरेगा के तहत काम की मांग की। यह भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश का मोदी-प्रेरित विनाश है।

रोजगार घटने के साथ बढ़ती कीमतें भी आती हैं। पिछले कुछ वर्षों से मुद्रास्फीति लगातार आरबीआई की 6 प्रतिशत सहनशीलता सीमा को पार कर गई। इससे भी बुरी बात यह कि यह मुद्रास्फीति भोजन और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के कारण हुई है।

इस संकट का संचयी परिणाम सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में परिवारों की वित्तीय संपत्तियों में गिरावट है, जो 2020-21 में 15.4प्रतिशत से गिरकर 2022-23 में 10.9प्रतिशत हो गई है। लोग जीवित रहने के लिए अपने परिवार की चांदी बेच रहे हैं। परिवारों की शुद्ध वित्तीय संपत्ति 11.5प्रतिशत से गिरकर 5.1प्रतिशत हो गई।

लोगों की आय घट रही है, कीमतें बढ़ रही हैं, बेरोजगारी बढ़ रही है और विनिर्माण विकास में गिरावट गहराते आर्थिक संकट को दर्शाती है। जरूरत इस बात की है कि अपने मित्रों के लिए धन की वृद्धि को संरक्षण देना बंद किया जाये और इसके बजाय सार्वजनिक निवेश के लिए राज्य के संसाधनों का उपयोग किया जाये ताकि बहुत आवश्यक बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जा सके जिससे नौकरियां पैदा होंगी और अर्थव्यवस्था में घरेलू मांग के स्तर में वृद्धि होगी।

भारत की राष्ट्रीय संपत्ति को लूटकर अपने मुनाफे को अधिकतम करने के लिए विदेशी और घरेलू पूंजी के प्रति मोदी सरकार की पूरी प्रतिबद्धता को देखते हुए, यह संकट और भी बदतर हो सकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत की संपत्ति को अर्थव्यवस्था के विकास और लोगों के कल्याण के लिए उत्पादक रूप से निवेश किया जाये, यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि भाजपा सरकार और राज्य सत्ता की बागडोर को नियंत्रित न करे।

## भारत-कनाडा तनाव से बिगड़ सकते हैं द्विपक्षीय संबंध

हाल के कई प्रतिशोधपूर्ण और मुंहतोड़ कदमों ने कनाडा और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों को खराब कर दिया है। राजनयिकों को निष्कासित करना, यात्रा परामर्श जारी करना, वीज़ा जारी करने पर रोक तथा व्यापार वार्ता रद्द करना, विदेशों में खालिस्तानी एजेंटों को लक्ष्य बनाना और देश में उनकी संपत्तियों को जब्त करना अल्पावधि के उपाय हो सकते हैं, परन्तु दोनों देशों के पास खोने के लिए बहुत कुछ है। खासकर भारत को यहां से सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत है क्योंकि निज्जर की हत्या के खतरनाक परिणाम हो सकते हैं।

यह स्थिति और उसके बाद उठाए गए कदम एक टिंडरबॉक्स को प्रज्ज्वलित कर रहे हैं। हाल ही में 'इंटरवेंशन एंड स्टेट सॉवरेन्टी' पर आयोजित एक सम्मेलन में पूछा गया था कि क्या कनाडाई सिख चरमपंथी और प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय खुफिया एजेंटों की भागीदारी के बारे में कनाडाई पीएम के आरोप एक विदेशी शक्ति द्वारा कनाडाई संप्रभुता का उल्लंघन हैं? जवाब आसान है- हां, यह होगा। लेकिन क्या ये आरोप विश्वसनीय हैं? भारत सरकार के अनुसार कनाडा ने आरोपों को साबित करने के लिए अब तक कोई भरोसेमंद सबूत पेश नहीं किए हैं और जांच में भारत का सहयोग मांगा है। जूडी फोस्टर के नेतृत्व में कनाडा के राष्ट्रीय सुरक्षा दल ने जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले नई दिल्ली की दो यात्राएं की थीं और हत्या के संबंध में अपने स्थानीय समकक्षों के साथ बैठकें की थीं। जाहिर है, कुछ सबूत साझा किए गए होंगे। हालांकि ये सबूत विश्वसनीय थे या आगे बढ़ने लायक थे- यह तय करना भारतीय पक्ष पर छोड़ दिया जाएगा। इस मामले में दोनों पक्षों पर संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन का मामला लागू होता है।



डॉ. मलय मिश्रा

विदेशी धरती पर पुनर्जीवित हो रहे खालिस्तानी आंदोलन का बढ़ता प्रसार। भारत सरकार को सोचना होगा कि इससे किस तरह निबटा जाना चाहिए, कहीं ऐसा न हो कि इससे निबटने के तरीकों और नतीजों से दीर्घकालिक नुकसान हो। इसलिए भारत के लिए कूटनीतिक रूप से बुद्धिमत्तापूर्ण होगा कि वह इस मुद्दे को सभी संभावित मंचों पर उठाए।

यह प्रश्न कई परस्पर विरोधी मुद्दों को उठाता है जो सामान्य रूप से भू-राजनीतिक हैं, व्यापार, आर्थिक, डायस्पोरिक और यहां तक कि ऐतिहासिक विचारों से गुजरते हैं। यह काफी हद तक भारत-कनाडा के तनावपूर्ण संबंधों के भविष्य की कल्पना करने पर टिका है जिसमें खालिस्तान मुद्दा वह खूंटा है जिस पर यह मौजूदा विवाद जुड़ा हुआ है। 1980 के दशक में स्वर्ण मंदिर पर हमले और कट्टरपंथी सिख नेता भिंडरावाले को बाहर निकालने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों द्वारा हत्या कर दी गई थी और इसके बाद सिख विरोधी दंगे हुए थे। यह मुद्दा इतिहास में दफन हो चुका है और आज पंजाब में इसका कोई महत्व नहीं है।

हालांकि कनाडा में चार दशकों से अधिक समय से खालिस्तान का मुद्दा गरमाया हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में यह बढ़ गया है और हिंसक रूप ले चुका है। जस्टिन ट्रूडो सरकार द्वारा कनाडा के खालिस्तानी समूहों को समर्थन उसकी घरेलू मजबूरियों के कारण है। उनकी लिबरल पार्टी को खालिस्तानी नेता जगमीत सिंह के नेतृत्व वाली न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी का समर्थन प्राप्त है। कनाडा, ब्रिटेन और अमेरिका में सिख प्रवासियों के छोटे से तबके में खालिस्तानी मुद्दे को पुनर्जीवित किया गया है। इसकी वजह से भारतीय राजनयिकों को जान से मारने की धमकी मिली है और राजनयिक मिशनों में तोड़फोड़ की गई है। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पिछले जुलाई में आगजनी के हमले में बच गया था। इसके अलावा सिख फॉर जस्टिस समूह के नेता पन्नुन ने हाल ही में हिंदुओं से कनाडा छोड़ने को कहा था। कनाडा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे भारतीय प्रवासियों के बीच सौहार्द्र बिगाड़ने का यह शर्मनाक प्रयास है। कनाडा सरकार की आंखों के सामने में ही एसएफजे ने भारत में खालिस्तानी राज्य की स्थापना के लिए पिछले महीने एक जनमत संग्रह का आयोजन भी किया था। खालिस्तानी नेताओं के प्रत्यर्पण के लिए भारत सरकार के कई अनुरोधों पर कनाडा सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया है जिसके बाद भारत ने आरोप लगाया है कि अलगाववादी नेताओं के लिए कनाडा एक सुरक्षित पनाहगाह बन गया है।

ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में 18 जून को निज्जर की हत्या के 3 महीने बाद पीएम जस्टिन ट्रूडो ने जब कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में विस्फोटक बयान दिया कि हत्या में भारत का हाथ है तो एक मामले ने अलग मोड़ ले लिया। भारत सरकार ने इन आरोपों को 'बेतुका' और 'दुर्भावना से प्रेरित' बताते हुए खारिज कर दिया है।

न्यूयॉर्क टाइम्स की एक हाल की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिकी सरकार ने ओटावा में भारतीय मिशन में इंटरसेप्ट किए गए संदेश के आधार पर कनाडा के साथ खुफिया जानकारी साझा की थी। इसके तुरंत बाद अमेरिकी सरकार के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने भारतीय अधिकारियों से कनाडाई सरकार के साथ 'जवाबदेही पूर्ण' सहयोग का आह्वान करते हुए कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने 'किसी भी देश के लिए किसी भी विशेष छूट' से इनकार किया। ये दोनों नेता भारत के साथ दोस्ताना रुख रखने वाले माने जाते हैं। फाइव आईज़ गठबंधन के एक मुखर सदस्य के रूप में अमेरिकी सरकार के इस रुख की घरेलू आलोचक यह कह कर आलोचना कर सकते हैं कि वह भारत में लोकतांत्रिक संस्थाओं के पतन, मानवाधिकारों के उल्लंघन और अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार के बावजूद इस क्षेत्र में चीन के मुकाबले के रूप में भारत को समर्थन देने की अपनी रणनीति के कारण भारत के प्रति बहुत नरम रवैया अपना रही है।

इन सभी झटकों के बीच मुख्य मुद्दा सामने आता है वह है विदेशी धरती पर पुनर्जीवित हो रहे खालिस्तानी आंदोलन का बढ़ता प्रसार। भारत सरकार को सोचना होगा कि इससे किस तरह निबटा जाना चाहिए, कहीं ऐसा न हो कि इससे निबटने के तरीकों और नतीजों से दीर्घकालिक नुकसान हो। इसलिए भारत के लिए कूटनीतिक रूप से बुद्धिमत्तापूर्ण होगा कि वह इस मुद्दे को सभी संभावित मंचों पर उठाए।

कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि निज्जर की हत्या कनाडाई खालिस्तानी समुदाय के भीतर एक आंतरिक झगड़े का परिणाम हो सकती है। 'वाशिंगटन पोस्ट' ने एक खबर चलाई थी जिसमें कहा गया था कि निज्जर की हत्या में दो लोगों और एक वाहन के बजाय छह व्यक्ति तथा दो वाहन शामिल थे। जो भी हो, भारत सरकार के पास दो विकल्प हैं- या तो वह सार्वजनिक रूप से जनता के सामने जाए और कानून के शासन के पालन के साथ एक लोकतंत्र के रूप में भारत की बेगुनाही का जोरदार दावा करे या शांत कूटनीति अपनाए और सरकारी व गैरसरकारी चैनलों के माध्यम से कनाडा सरकार के साथ सीधे बात करे तथा मामले को सुलझाए। अपनी प्रमुख बाहरी खुफिया एजेंसी के संदेह के घेरे में होने के साथ अगर भारत विदेशी धरती पर, विशेष रूप से उदार लोकतंत्रों में भारतविरोधी तत्वों को मारने वाले 'कपटी देश' की ख्याति अर्जित करता है तो यह दोगुना गंभीर मामला होगा।

भारत को घेरने के लिए उठाए गए कदमों पर अपने सहयोगियों की ठंडी प्रतिक्रिया के बाद कनाडा सरकार ने कुछ कदम पीछे खींच लिए गए हैं लेकिन दिल्ली को खालिस्तान समर्थकों की बढ़ती गतिविधियों का सामना करना पड़ रहा है जिन्होंने अपने उद्देश्य के लिए भौगोलिक सीमाओं से परे गठबंधन किया है। स्कॉटलैंड स्थित गुरुद्वारे से भारतीय उच्चायुक्त की जबरन वापसी इसका एक उदाहरण है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि कनाडा में भारतीय प्रवासियों का बढ़ता ध्रुवीकरण भारत की विदेश नीति प्रबंधन में अत्यधिक तनाव पैदा कर सकता है। सरकार द्वारा हाल ही में कनाडा के 41 राजनयिकों को भारत छोड़ने के लिए भेजे गए पत्र से व्यापार और निवेश, शिक्षा और पर्यटन के गंभीर रूप से बाधित होने के साथ द्विपक्षीय संकट और बढ़ सकता है।

(लेखक सेवानिवृत्त राजनयिक हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)

## सार समाचार

### घर पर आराम फरमाते मिला जिलाबदर का आरोपी

**गुना, देशबन्धु।** जिले की राघौगढ़ पुलिस द्वारा जिलाबदर के आरोपी को अपने घर पर आराम फरमाते हुए गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को इलाका भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर आरोपी विक्की उर्फ विकास कोरी पुत्र नबल कोरी निवासी होलीवाला चौक राघौगढ़ अपने घर पर मौजूद है। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। यहां जहाँ विक्की उर्फ विकास घर के दरवाजे पर खड़ा हुआ मिला। जिसने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर धरदबोचा। आरोपी को कलेक्टर द्वारा म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3(2) एवं 5(क)(ख) के अन्तर्गत 6 मार्च 23 को पारित जिला बदर किया था। जिसमें विक्की उर्फ विकास कोरी को एक वर्ष की अवधि के लिये गुना, भोपाल, राजगढ़, शिवपुरी, विदिशा, अशोकनगर की सीमा से बाहर जाने का आदेश का उल्लंघन करता पाया गया। आरोपी पर पुलिस ने मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्रवाई की है।

### गुना के दो साहित्यकार आज दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल डीडी उर्दू पर देंगे अपनी प्रस्तुति



**गुना, देशबन्धु।** शहर का नाम पूरे हिंदुस्तान में रोशन कर रहे शायर असलम राशिद और गुना शहर की नवोदित शायरा इकरा अम्बर दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल डीडी उर्दू पर आने वाले मशहूर शो कवि हाजिर है में शामिल होंगे। पिछले हफ्ते इस शो की रिकॉर्डिंग हुई। अब ये 7 अक्टूबर शनिवार को रात 8 बजे टेलिकास्ट होगा। इसका पुनः प्रसारण रविवार 8 अक्टूबर को रात 9 बजे होगा। असलम राशिद के साथ ही गुना की युवा शायरा इकरा अम्बर भी इस प्रोग्राम में गुना का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। इकरा अम्बर ने बहुत कम वक्त में ये ऊँचाई हासिल की है। दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल पर इस से पहले गुना का प्रतिनिधित्व कम ही लोगों ने किया है। असलम राशिद ने अपनी शायरी की शुरुआत गुना से ही की और धीरे धीरे पूरे हिंदुस्तान में आपकी शायरी को पहचाना और सराहा जाने लगा। उनकी संस्था करवाने गजल 1991 से गुना शहर में मुशायरे आयोजित करवाती रही है और इसी माहौल ने आपके अंदर के शायर की परवरिश की और एक बेहतर शायर बनने में मदद की। शायरी में अपनी एक अलग पहचान बना चुके शायर असलम राशिद आज के सभी बड़े शायरों राहत इंदौरी, नीरज जी, मुनव्वर राना, वसीम बरेलवी, कुँवर बेचैन, ताहिर , शकील जमाली, शकील आजमी आदि शायरों के साथ मंच साझा करते हैं। उनको साहित्य सेवा के लिए कई संस्थाओं से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है।

# शहर को मिली सौगातें मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन लोकार्पण



**गुना, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुक्रवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों में 53 हजार करोड़ रूपये के विकास कार्यों के भूमि पूजन एवं लोकार्पण वर्चुअल रूप से किए गए। उक्त कार्यों में गुना शहर में 36.93 करोड रुपए की लागत से मारुति शोरूम से चिंताहरण टोल नाके तक तथा नानाखेडी मंडी गेट से बिलोनिया तिराहे तक की रोड का चौडीकरण कार्य शामिल है। उक्त सडक़ निर्माण कार्य का भूमि विधायक गोपीलाल जाटव के मुख्य आतिथ्य में तथा नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। उक्त दोनों सडकों के बीच में डिवाइडर व आकर्षक लाइटिंग के साथ डिवाइडर के दोनों ओर आठ आठ मीटर चौड़ी डामरीकृत सडक़ बनाई जाएगी। वहीं दो-दो मीटर की फुटपाथ सहित सुंदर रोड बनेगी। इस सडक़ का आज से निर्माण कार्य विधिवत प्रारंभ करा दिया गया। भूमि पूजन के दौरान विधायक प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता, पार्षद बहादुर लोधा, दिनेश कोरी, लक्ष्मण जाटव, राजेश साहू, महेंद्र कुशवाह, विधायक प्रतिनिधि लल्लू सिंह लोधा, कार्यपालन यंत्री जेके पंत, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ महेश गुप्ता, उप यंत्री मजूमदार सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित हुए।

इससे पूर्व जिला पंचायत के विश्राम भवन में भोपाल में आयोजित विकास उत्सव कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं हित लाभ वितरित किए। विधायक प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता ने बताया कि इससे पूर्व नगर पालिका परिषद गुना द्वारा 1583 लाख रूपये की लागत से होंने वाले कार्यों के भूमि पूजन शहर विकास के लिए किए गए हैं ‍‍ जिनमें प्रमुख रूप से ऑडिटोरियम निर्माण, सिंगवासा तालाब का सौंदर्य करण, शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर डामरीकरण तथा सीमेंट कांक्रीट सडक़ों का निर्माण है। शहर में सीवर लाइन डालने के कारण तथा वर्षा काल में हुई क्षतिग्रस्त सडक़ों का सुदृढीकरण किया जाएगा। यह कार्य दीपावली पूर्व करा लिए जाएंगे।

## राजनीमे का बोलकर पत्नी को ले गया पति, की मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** जिले के आरोन थानांतर्गत निवासी एक महिला के साथ उसके पति ने मारपीट कर दी। महिला और उसके पति के बीच कोर्ट में केस चल रहा था। जिसमें कोर्ट ने राजीनामे के लिए एक और तारीख दे दी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया पूजा ओझा पत्नि सचिन ओझा (25) निवासी बायपास रोड आरोन थाने में शिकायत दर्ज कराई कि मेरा तथा मेरे पति सचिन ओझा का केस लटेरी के न्यायालय में चल रहा है। गत 27 सितंबर को वह पेशी पर गई थी। उसी दिन उसके पति सचिन ने उससे कहा कि मैं राजीनामा करना चाहता हूँ। तो कोर्ट ने हमें राजीनामा करने की एक तारीख और दे दी। जिस पर फरियादी महिला अपने पति के साथ लटेरी से सिरोंज आई और सिरोंज से अपने पति के साथ आरोन अपनी ससुराल में आकर रहने लगी। गुरुवार को उसका पति आया और बोला कि तू यहा से निकल जा तुझे मैं नहीं रखूगा। मैंने कहा कि मैं तो यही रहूंगी तो पति ने गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। मारपीट में महिला के गुप्तागों में चोट आई। बीच बचाव करने आए ससुर चम्पालाल के साथ भी बेटे ने मारपीट की। उक्त मामले में पुलिस ने आरोपी पति पर मामला दर्ज किया है।

### मस्जिद में बकरी बांधने पर सदर से मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** जिले की राघोगढ़ थानांतर्गत क्षेत्रपाल मोहल्ले में बकरी बांधने को लेकर मस्जिद के सदर के साथ एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अव्दुल सईद उर्फ गोलू पठान पिता मेहबूब खान ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह ईदगाह मस्जिद का सदर है। ईदगाह मस्जिद के पास में रहने वाला मक्सूद खां मस्जिद में बकरी बांधता है। जब उसने मक्सूद खान से कहा कि मस्जिद में बकरी क्यों बांधता है। इसी बात पर से मक्सूद खान व उसके पिता हामिद खान ने उसके साथ गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## महिलाओं पर बढ़ रहे अपराधों के खिलाफ एकजुट हों : नायक



**आरोन, देशबन्धु।** महिलाओं एवं बच्चियों पर बढ़ते अपराधों के खिलाफ एसयूसीआई द्वारा शुक्रवार को तहसील कार्यालय में एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। एसयूआई आरोन के सचिव महेंद्र नायक ने प्रदेश में हाल ही में महिलाओं पर घटित अपराधों पर गहन चिंता और दुख व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों पर एक के बाद एक लगातार दरिंदगीपूर्ण घटनाएं घट रही है। उज्जैन, अशोकनगर, शिवपुरी प्रदेश की राजधानी भोपाल सभी स्थानों पर एक के बाद एक लगातार अनेक ह्रदय विदारक घटनाएं सामने आ रही हैं। किंतु प्रदेश सरकार के द्वारा इन घटनाओं को रोकने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए हैं। गत 3 वर्षों में मध्य प्रदेश से दो लाख बच्चियां गायब कर दी गई है लेकिन मानव तस्करी पर रोक लगाने के लिए भी गंभीर प्रयास नहीं हुए हैं। इसके लिये आवश्यक है कि मध्य प्रदेश सरकार बच्चियों और महिलाओं पर निरंतर बढ़ रहे यौन अपराधों के लिए महत्वपूर्ण रुप से जिम्मेदार नशाखोरी, शराब एंव पोर्न साइट्स पर तुरंत रोक लगाये एंव दोषियों पर सख्त कानूनी कार्यवाही करे। साथ ही इन अपराधों को रोकने के लिए अन्य सभी संभव कदम उठाए।

## प्रियंका पैंची ने किया कुंभराज क्षेत्र में जनसंपर्क

**गुना, देशबन्धु।** जिले की चांचौड़ा विधानसभा से बीजेपी की अधिकृत प्रत्याशी प्रियंका पैंची घर-घर पहुंचकर भाजपा की जनहितैषी नीतियों से लोगों को अवगत करा रही हैं। इसी कड़ी में कुम्भराज नगर के अंतर्गत विभिन्न वार्डो में डोर टू डोर जनसंपर्क किया गया। प्रियंका पैंची के द्वारा क्षेत्र के सभी ग्रामो एवं नगर में भाजपा के समर्थन में जनता तक पार्टी के आदर्शों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जनसंपर्क के दौरान प्रियंका पैंची ने जनहितैषी योजनाओ के बारे में बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओ का क्रियान्वयन किया है। जिससे प्रत्येक घर परिवार को जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ प्राप्त हो रहा है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता वंचित परिवार को चिन्हित करने का कार्य भी कर रहा है। जिससे क्षेत्र के आखरी छोर पर रह रहे लोगो को भी इन योजनाओ का लाभ मिल सके। प्रियंका पैंची द्वारा डोर टू डोर जाकर लोगो से उनकी समस्याओ के बारे में पूछा जा रहा है व उसके निराकरण के लिए त्वरित कार्यवाही हेतु प्रयास भी किये जा रहे है। जनसंपर्क के दौरान वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, एवं सदस्यों में कुम्भराज मण्डल अध्यक्ष रोहित कासठ, विधानसभा संयोजक प्रदीप नाटानीआदि उपस्थित रहे।

## नपा कराएगी बास्केटबाल स्पर्धा



**गुना, देशबन्धु।** हमारी सरकार खेलों की ओर पूरा ध्यान दे रही है। इसी कारण आज शासकीय महाविद्यालय के बास्केटबॉल मैदान को संपूर्णता प्रदान करने हेतु फाइबर के बोर्ड एवं 20 बॉल बच्चों को खेलने के लिए प्रदान की गई हैं। यह बात लोकार्पण के अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि गुना विधायक गोपीलाल जाटव द्वारा कही गयी। जिला बास्केटबॉल संघ के उपाध्यक्ष सुनील शुभम ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए उपस्थित मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत करते हुए जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष आशीष मंगल से मांग की कि मैदान के चारों ओर सुरक्षा हेतु जाली लगाने का आश्वासन दिया था, उसे भी पूर्ण कराया जाए। ताकि बच्चे निर्विघ्न रूप से अपना अभ्यास कर सकें।

वहीं उपस्थित नगरपालिका मे विधायक प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता से मांग की गई कि नगरपालिका द्वारा पूर्व में प्रारंभ कराए गए जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता को नगरपालिका पुनः प्रारंभ कराए। क्योंकि इससे परिणाम बहुत उत्साहजनक प्राप्त होते हैं। इसी का परिणाम था कि मप्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गुना की टीम ने सब-जूनियर बालक वर्ग में फाइनल में पहुंचकर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। विधायक प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता ने बच्चों के उत्साह एवं लगन को देखकर कहा कि नगरपालिका परिषद हर हाल में जूनियर बालक एवं बालिका प्रतियोगिता पुनः प्रारंभ कराएगी। इसमे किसी भी प्रकार की रुकावट नहीं आने दी जाएगी। कॉलेज प्राचार्य बीके तिवारी ने कहा कि ग्राउंड को महाविद्यालय की तरफ से पूरा सहयोग मिलेगा। इसके पूर्व उपस्थित अतिथियों का बच्चों द्वारा पुष्पमाला से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष आशीष मंगल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बचे हुए कार्यों को अतिशीघ्र करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य बीके तिवारी, गजेंद्र सिकरवार, संजीव विजयवर्गीय, कैलाश धाकड़, लालाराम लोधा, रामकुमार, शत्रुघ्न शर्मा आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक भवन का हुआ लोकार्पण



**सीहोर, देशबन्धु।** वार्ड में ही लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए सरकार ने नपा क्षेत्र में संजीवनी क्लीनिक बनवाए हैं। शहर के दो वार्डों में नगर पालिका के द्वारा 36-36 लाख से बनाए भवन का शुक्रवार नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने विधायक सुदेश राय के मुख्य आतिथ्य में लोकार्पण किया। इससे वार्ड में लोगों को उपचार के साथ दवा मिलेगी।

शहर के वार्ड क्रमांक 21 वार्ड में बने मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक भवन का लोकार्पण प्रिंस राठौर ने फीता काटकर किया।

इस मौके पर क्षेत्र के वार्ड पार्षद प्रदीप गौतम और नरेन्द्र राजपूत के अलावा बड़ी संख्या में परिषद के पार्षद, नपा अधिकारी और कर्मचारी और क्षेत्रवासी मौजूद थे।

## स्वास्थ्य और आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे : विधायक



**सीहोर, देशबन्धु।** स्वास्थ्य, आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ गरीबों व जरूरतमंदों तक पहुंचे। यह विचार शुक्रवार को विधायक सुदेश राय ने सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में लोकार्पण एवं भूमि पूजन के दौरान कहे। उन्होंने कहा कि अपने कार्यक्रम के दौरान सीहोर विधानसभा के दूरस्थ ग्राम बांसिया में करीब 42 लाख के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण करते हुए कहा कि बांसिया क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी थी, इन मांगों को गंभीरता से लेते स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु उच्च स्तरीय प्रयास किए और सफलता मिली। श्री राय ने सीहोर विधानसभा में शुक्रवार को पहुंचकर लोकार्पण और भूमि पूजन कराए कराए। इस मौके पर ग्राम खंडवा में पहुंचे विधायक श्री राय का ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने मेन रोड से खाती समाज धर्मशाला तक सीसी रोड निर्माण का लोकार्पण किया। ग्रामीणों का कहना है कि पहुंच मार्ग का निर्माण होने से समस्याओं का समाधान होगा। करीब 8.72 लाख से सीसी मार्ग का निर्माण कार्य किया गया था। इसके अलावा करीब 1.60 लाख की लागत से ग्राम खंडवा में पानी की टंकी के कार्य का भूमि पूजन किया गया।

वहीं ग्राम जाजनखेड़ी में भोजन कक्ष के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। श्यामपुर में पहुंचे विधायक ने बीस लाख की लागत से निर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण किया। ग्राम बमूलिया दोराहा में 70 लाख से बनने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र का भूमि पूजन किया । ग्राम बराड़ीकला में पंचायत भवन के लोकार्पण के साथ सामुदायिक स्वच्छता परिसर का लोकार्पण किया।ग्राम सिराड़ी में श्री हनुमान मंदिर के पास टीन शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

### बाल कल्याण समिति में 2 नए सदस्यों ने कार्यभार संभाला

**सीहोर, देशबन्धु।** जिला बाल कल्याण समिति में राज्य शासन द्वारा दो नये सदस्यों की नियुक्त किये गये है। नए सदयों में तिलक दास बैरागी और संजय कुमार त्यागी ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रफुल्ल खत्री ने उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसके बाद उन्होंने जिला बाल कल्याण समिति के कार्यालय में पहुंचकर अध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिला बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ विजेंद्र राठौर और सदस्य श्रीमती मनिता सक्सेना ने दोनों सदस्यों का स्वागत किया।

## ओलंपियाड प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा



**आष्टा, देशबन्धु।** आष्टा में जारी 2 दिवसीय जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। प्रतियोगिता के बारे में बीआरसीसी तरुण कुमार बैरागी ने बताया कि आष्टा में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा केंद्र बनाया गया। जिसके केंद्र प्रभारी अमर सिंह परमार प्राचार्य रहे। ओलंपियाड परीक्षा के सफल आयोजन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित कर बीएसी मनोज कुमार विश्वकर्मा, श्रीमती शालिनी सारासिया, एमआरसी श्रीमती प्रतिमा भावक को दायित्व सौंपा गया। ओलंपियाड प्रभारी फूल चंद सांकले बीएसी ने बताया कि कक्षा 2 से 8 तक के बच्चों ने उक्त परीक्षाओं एमआर शीट पर दी जो कि 2 दिन गुरुवार को तीन पारी और शुक्रवार को चार पारी में आायोजित की गई। जिसमें कक्षा दूसरी से आठवीं तक के विषयों पर यह आयोजित हुई। जिसमें कुल लक्षित 732 बच्चों में से 706 बच्चों ने सहभागिता की। सभी बच्चों को जिला शिक्षा केन्द्र सीहोर की जिला परियोजना समन्वयक आरआर उइके व डाईट प्राचार्य श्रीमती अनीता बड़गूजर ने प्रमाण पत्र व पेन वितरित किए। इस मौके पर तरुण कुमार बैरागी बीआरसीसी, अनिल कुमार श्रीवास्तव सह समन्वयक साक्षरता मिशन, महेंद्र सिंह मालवीय (बाबू जी) श्रीदेवजी मेवाड़ा बीएसी, मनोहर लाल विश्वकर्मा बीएसी , हरेंद्र सिंह ठाकुर लेखपाल व समस्त जनशिक्षक उपस्थित रहे। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जन शिक्षक जगदीश मालवीय, कृष्ण कुमार सोनी माध्यमिक शिक्षक व जन शिक्षक केदार सिंह परमार, राकेश सूर्यवंशी का विशेष सहयोग रहा

### भगवान का भजन ही जीवन का सार है बाकी सब वेकार है : डॉ. राघवाचार्य

**गुना, देशबन्धु।** भार्गव कालोनी में भार्गव परिवार द्वारा आयोजित नव दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास जगतगुरू रामानुजाचार्य स्वामी डॉ. श्री राघवाचार्य जी महाराज अयोध्या धाम ने द्वितीय दिवस ज्ञान भक्ति वैराग्य की कथा श्रवण करते हुए मोक्ष प्राप्ति की कथा श्रवण कराई। मीडिया प्रभारी आनंद व्यास ने बताया कि कथा व्यास ने कहा कि जीव का कल्याण भगवत भजन से होगा क्योंकि जीव का जन्म प्रभु की भक्ति के लिए हुआ है, प्रभु का भजन जो जीव नहीं करता है वह पशु के समान होता है। अगर कल्याण चाहते हैं तो जन्म मरण के चक्कर से बचना चाहते हैं तो भगवान का सुमिरन करो भगवान का भजन ही जीवन का सार है बांकी सब बेकार है। कथा व्यास ने कहा कि, भागवत कथा ही साक्षात कृष्ण है और जो कृष्ण है, वही साक्षात भागवत है. भागवत कथा भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। भागवत की महिमा सुनाते हुए महात्मा जी ने कहा कि एक बार नारद जी ने चारों धाम की यात्रा की, लेकिन उनके मन को शांति नहीं हुई। नारद जी वृंदावन धाम की ओर जा रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि एक सुंदर युवती की गोद में दो बुजुर्ग लेटे हुए थे, जो अचेत थे। युवती बोली महाराज मेरा नाम भक्ति है। यह दोनों मेरे पुत्र हैं, जिनके नाम ज्ञान और वैराग्य है। यह वृंदावन में दर्शन करने जा रहे थे। लेकिन बृज में प्रवेश करते ही यह दोनों अचेत हो गए। बूढे हो गए। आप इन्हें जगा दीजिए। इसके बाद देवर्षि नारद जी ने चारों वेद, छहों शास्त्र और 18 पुराण व गीता पाठ भी सुना दिया। लेकिन वह नहीं जागे। नारद ने यह समस्या मुनियों के समक्ष रखी।

# जयंती पर भगतसिंह पुस्तकालय में आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



***गुना, देशबन्धु।*** *शहीद भगतसिंह पुस्तकालय पर उनकी 116 वीं जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व जयंती सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों, छात्रों, नौजवानों ने कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की शुरूआत पुस्तकालय पर स्थापित शहीद भगतसिंह स्मारक और स्व. धर्मस्वरूप सकसेना-राजरानी सक्सेना स्मारक पर अतिथियों द्वारा पुष्पार्पण से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सागर से आए भूगर्भ शास्त्री हरिनारायण पटसरिया ने कहा कि किताबों को पढक़र, जानकर, समझकर ही हम तार्किक समझ हासिल कर सकते हैं। शहीदों के सपनों का एक बेहतर समाज बनाने के लिए प्रयास कर सकते है। शहीद भगतसिंह भी आजादी आंदोलन के दौरान पठन-पाठन के प्रति बहुत गंभीर रहे। इसलिए ही तो उन्होंने मात्र 23 साल की उम्र में एक सटीक चिंतन (शोषणमुक्त समाज की स्थापना की जाये) लोगों के समक्ष प्रस्तुत कर दिया था। इसलिये हम पुस्तकालय के महत्व को भी समझे, देश दुनियां के बारे में जाने और इस वैकल्पिक सांस्कृतिक अभियान को मजबूत बनाये।*

*इस मौके पर शहीद भगतसिंह यादगार मंच के संयोजकमंडल सदस्य लोकेश शर्मा ने बताया कि यह शहीद भगतसिंह पुस्तकालय जनसहयोग से संचालित है। शहर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आदरणीय धर्मस्वरूप सक्सेना ने यह भवन वर्ष 2010 वर्ष में दान दिया था और तब से लेकर निरंतर गुनावासी भगतसिंह यादगार मंच के नेतृत्व में इसका संचालन कर रहे हैं। इस पुस्तकालय से बच्चों को निशुल्क कोंचिग, निशुल्क कानून परामर्श, फ्री मेडीकल कैंप, बेहतर सिनेमा, साइंस डिस्कशन व अन्य स्पोर्ट्स एकटिवटी व पठन पाठन की सामग्री जनसहयोग से मिल जाती है। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र कुमार ने किया एवं आभार संचालन सुनील सेन ने माना।*

*कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिसमें पगड़ी संभाल जट्टा, मेरा रंग दे बसंती चोला, बम बम बोले, माई तेरी चुनरिया (नृत्य), तू हिंदू बनेगा न मुस्लमान बनेगा, इंसान की औलाद है इंसान बनेगा, ऐ भगतसिंह तू जिंदा है हर एक लहू के कतरे में समूहगान, प्रस्तुत किये। कवि प्रदीप सेन ने अपनी कविता सोचता हूं फिर से बच्चा हो जाऊं, नारायण चंदेल ने नदिया धीरे-धीरे बहना गीत प्रस्तुत किया। जबकि मोहित मीना ने बेंजों पर मेरा कर्मा तू, मेरा धर्मा तू धुन प्रस्तुत की, साथ ही एक बाल कलाकार दिव्यांश वर्मा ने शहीद भगतसिंह का एक चित्र बनाकर मुख्य अतिथि को भेंट किया। कार्यक्रम में मोहरसिंह लोधी ने किया। कार्यक्रम में सीमा राय, अवतार चंदेल, सुभय वर्मा, मानव कुशवाह, अमरीक संधू व कई छात्र छात्रायें और बच्चे शामिल हुये।*

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### युवती के साथ दुष्कर्म के फरार आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे में पकड़ा

**मुलताई, देशबन्धु।** पुलिस ने दुष्कर्म के एक आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने एक युवती के साथ खेत में दुष्कर्म किया था और फरार हो गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। एसडीपी सुरेश पाल सिंह ने बताया कि आरोपी रवि पर्वतराव खाड़े ने एक युवती के साथ मक्के के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया था। इसी दौरान पीड़िता के परिजन मौके पर आ गए थे, जिन्हें देखकर आरोपी भाग गया था। पीड़िता की शिकायत की बाद पुलिस ने इस प्रकरण में दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया था।

### गैस रिफिल योजना का शुभारंभ, हितग्राहियों को दिखाया लाइव प्रसारण

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के अरिहंत लॉन में शुक्रवार पीएम उज्ज्वला योजना हितग्राही एवं गैर उज्ज्वला बहनों के लिए 450 में गैस रिफिल योजना कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इसका मुख्य कार्यक्रम भोपाल में आयोजित हुआ, जहा इस योजना का शुभारंभ किया गया। भोपाल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण स्क्रीन के माध्यम से मुलताई में दिखाया गया। मुख्य कार्यक्रम में प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश की 36 लाख से अधिक बहनों को 219 करोड़ अनुदान राशि सिंगल क्लिक से अंतरण किया गया। वहीं मुलताई में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, नमामि नर्मदा प्रकल्प के दिनेश कालभोर, पूर्व पार्षद राजू चोपड़े, नपा इंजीनियर योगेश अनेराव शामिल हुए। वही खाद्य विभाग एवम गैस एजेंसी के सभी कर्मचारी व उज्ज्वला योजना की हितग्राही बहने उपस्थित रही। जिन्हें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअली संबोधित किया।

### सुनीलम ने किया बिजली कर्मचारियों की हड़ताल का समर्थन

**मुलताई, देशबन्धु।** किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुनीलम ने मध्य प्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ, यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्पलाइज एवं इंजीनियर्स और पॉवर इंजीनियर्स एवं एम्प्लाइज एसोसिएशन के द्वारा की जा रही हड़ताल का मुलताई स्थित कार्यालय पहुंचकर समर्थन किया। सुनीलम ने कहा कि निजीकरण और आउटसोर्सिंग के माध्यम से पावर सेक्टर को पूरी तरह ध्वस्त करने की कोशिश सरकारों द्वारा की जा रही है। इसके खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा ने बिजली बिल रद्द करने को लेकर संघर्ष जारी रखा है। डॉ. सुनीलम ने कहा कि यदि बिजली कर्मचारियों की मांगे नहीं मानी गई तो प्रदेश अंधेरे में डूब सकता है। इसलिए सरकार त्वरित कार्रवाई करें। सरकार एस्मा एक्ट लगाकर कर्मचारियों को डराना चाहती है जिसका संयुक्त किसान मोर्चा विरोध करता है।

### श्रद्धांजलि देने पहुंचे रक्षा मंत्री के पुत्र



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं पेट्रोल पंप एशोसिएशन के अध्यक्ष संजय पालोड का विगत 3 अक्टूबर को हृदय गति रुक जाने के कारण आकास्मिक निधन हो गया था। गुरुवार को उठावने के साथ उनके निवास नेहरु चौक विजय ट्रांसपोर्ट पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र एवं नोएडा विधायक पंकज सिंह स्व. पालोड के निवास पर पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ क्षेत्रीय विधायक लीना जैन भी उपस्थित रही। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक निशंक जैन, पूर्व विधायक हरि सिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी सहित नगर के समाजसेवी और ग्रामीण मौजूद रहे।

मांग पूरी न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

# प्रोत्साहन राशि देने की मांग, गन्ना उत्पादक किसानों ने सौंपा ज्ञापन



**बैतूल, देशबन्धु।** गन्ना उत्पादक किसानों ने पूर्व जनपद अध्यक्ष नरेंद्र पटेल के नेतृत्व में शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर अन्य राज्यों की तर्ज पर प्रदेश में भी किसानों को प्रोत्साहन राशि देने की मांग की। इसके साथ ही रेलवे कारीडोर में जिन किसानों की भूमि रेलवे द्वारा अधिग्रहित की जा रही है, उन किसानों को सरकारी मूल्य से आठ गुना मुआवजा राशि व किसान के परिवार में से एक सदस्य को रेलवे में नौकरी देने की मांग की।

पूर्व जनपद अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने बताया कि अन्य प्रदेशों में केंद्र सरकार के समर्थन मूल्य के अलावा प्रदेश सरकारें भी अपनी ओर से प्रोत्साहन या बोनस राशि देती है, लेकिन प्रदेश में ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। इससे जिले के किसान आक्रोशित हैं और जल्द ही अपनी मांग को लेकर सड़क पर उतर सकते हैं। किसानों के अनुसार प्रदेश में ही गन्ना उत्पादक किसानों को सरकारी मदद नहीं मिल पा रही है। शुगर मिल से तो समर्थन मूल्य के दाम मिलते हैं। यूपी, पंजाब सहित अन्य राज्यों में वहां की राज्य सरकारें भी अपनी ओर से बोनस राशि देती है, जिससे किसानों को प्रति क्विंटल 50 से 90 रुपए तक मिल जाते हैं। किसानों की मांग है कि पूरे प्रदेश के गन्ना किसानों को सरकार ने मदद देना चाहिए। इसके साथ ही किसानों ने म.प्र. में गन्ने की फसल को अधिसूची में तत्काल प्रभाव से शामिल करने, गन्ने की शुगर मापने का यूनिट बैतूल में लगाने की मांग भी की गई। मांगों का निराकरण नहीं करने पर किसानों ने तय किया है कि जल्द एकजुट होकर धरना आंदोलन करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से राजबहादुर वर्मा, सुदामा हजारे, गोविंद हजारे, अशोक वर्मा, संजय वर्मा, भीम पटेल, अजय गंगारे, अतुल वर्मा, डॉ. हुड़े, राकेश गंगारे, रामे भारती, हरि नारे, ललित वर्मा, राजू राठौर, गबरू राठौर, योगेश वर्मा, अतुल वर्मा, आलोक वर्मा, संतोष पाल, अमरलाल, रघुनाथ, भोजराज, सुंदरलाल पवार, राम बिहारी वर्मा, शिवदयाल, संतोष पवार, गोविंद हजारे, आदि किसान मौजूद थे।

# रेलवे ट्रैक के किनारे खंबे पर लटका मिला शव



**नही हो पाई शिनाख्त, जांच में जुटी पुलिस**

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के समीपस्थ ग्राम परमंडल के पास रेलवे ट्रैक के किनारे शुक्रवार सुबह एक खंभे पर एक अज्ञात व्यक्ति की लाश लटकी हुई मिली। देर शाम तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई थी। लाश मिलने की सूचना पाकर मौके पर रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस पहुंची थी। प्राप्त जानकारी अनुसार रेलवे कर्मचारियों को जानकारी मिली थी कि मुलताई बैतूल डाउन रेलवे ट्रैक पर परमंडल के पास पोल नंबर 892/4 के पास लगे रेलवे के सिलिपाट खंबे पर लोवर के नाडे से लटकी हुई लाश दिखाई दी है। सूचना पर तत्काल आमला से रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा खोजबीन की गई लेकिन उसके पास कोई भी पहचान के कागज नहीं मिले है। उसके शव को उतरवाकर सरकारी अस्पताल लाया गया जहा उसकी देर शाम तक शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पुलिस ने बताया की अज्ञात व्यक्ति ने नीले रंग का लोवर और काले रंग की लाइनिंग वाली शर्ट पहन रखी थी।

# पुलिया पर खड़े ट्रक से टकराई बाइक, 2 युवकों की मौत





**मुलताई, देशबन्धु।** गुरुवार देर रात नेशनल हाईवे 47 पर स्थित ग्राम मोही पर हुई दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार दो युवक मोही नेशनल हाईवे की पुलिया पर खड़े एक ट्रक से जा टकराए। जिससे दोनों युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर दोनों युवकों की पहचान नहीं हो पाई थी। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि ट्रक से मोटरसाइकिल की टक्कर इतनी जोरदार हुई की इसकी आवाज संपूर्ण मोही ग्राम में सुनाई दी और ग्रामीण जब तक हाईवे पुलिया पर पहुंचे मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया था। टक्कर होते ही ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। मौके पर मिली बाइक के नंबर से जानकारी मिली है की यह बाइक एमपी 48 एम 8874 किसी गीताबाई खंडारे लोहिया वार्ड गंज बैतूल के नाम पर रजिस्टर्ड है। दोनों युवकों के पास मिले मोबाइल फूट चुके थे। मौके पर पुलिस और एंबुलेस पहुंची और दोनों के शव को मुलताई के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया।

**बैतूल जाने का कहकर घर से निकले से दोनो युवकः** नगर के सरकारी अस्पताल में दोनों युवकों की पहचान भगतसिंह वार्ड मुलताई निवासी बलवंत और रितेश के रूप में हुई। जिसके बाद उनके परिजनों को सूचना दी गई और वे भी अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने बताया की वे दोनों बैतूल जाने का कहकर घर से निकले थे।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**मुलताई, देशबन्धु।** भोपाल नागपुर नेशनल हाईवे 47 पर ग्राम मालेगांव के पास शुक्रवार दोपहर में गलत दिशा से बाइक चलाकर आ रहा बाइक सवार सामने से आ रहे हैं ट्रक से भिड़ गया, जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। नेशनल हाईवे 47 पर गलत दिशा से वाहन चलाने का नतीजा गंभीर सड़क हादसे के रूप में सामने आया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम सेमझिरा निवासी धर्मराज पुत्र खुस्सर उम्र 42 वर्ष जो कि अपनी मोटरसाइकिल से पांढुर्णा की ओर जा रहा था वह फोरलेन पर गलत दिशा से बाइक लेकर जा रहा था। जिसे कई वाहन चालकों ने रॉन्ग साइड से जाने से मना किया, लेकिन वह नहीं माना।

# बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बरतने पर खंड चिकित्सा अधिकारी को नोटिस

**एनीमिया अभियान की समीक्षा बैठक में 5 दिन में सीबीसी जांच करने के निर्देश**



**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल शहरी एवं क्षेत्र एनीमिया सीबीसी की जांच 71 प्रतिशत होने पर कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने प्राइमरी स्कूल के बच्चों को 5 दिन में शत प्रतिशत सीबीसी टेस्ट करने को कहा है। बैंस शुक्रवार को कलेक्टर सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में एनीमिया अभियान की समीक्षा कर रहे थे। कलेक्टर ने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बरतने, भीमपुर विकासखंड में एनीमिया कवरेज 63 प्रतिशत होने एवं डाटा अपडेट ना होने के कारण खंड चिकित्सा अधिकारी एवं बीपीएम भीमपुर को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री बैंस ने विकासखंड भैंसदेही में चिन्हित सीनियर एनीमिया के 1 प्रतिशत बच्चे पाए जाने पर बीएमओ को उन उप स्वास्थ्य केन्द्रों में जहां औसत से कम बच्चे चिन्हित है, रेण्डम चेकिंग कर आयरन टेबलेट के वितरण की निगरानी के लिए कहा। बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही एवं अनदेखी के प्रति गंभीर रुख अपनाते हुए बैंस ने एनीमिया कार्यक्रम के तहत बीएमओ को 5 दिन का अल्टीमेटम दिया।

क्षय रोग कार्यक्रम अंतर्गत सेहरा, आठनेर, भीमपूर में लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि अत्यंत कम होने पर सुधार करने हेतु निर्देश दिए। टीबी मुक्त कार्यक्रम हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से सहयोग लेकर समस्त ग्राम पंचायतों में अभियान चलाने हेतु निर्देश दिए। लक्ष्य कार्यक्रम अंतर्गत जिन संस्थाओं में 50 प्रसव हो रहे है उन संस्थाओं को नेशनल प्रमाण पत्र हेतु तैयार करवाने निर्देशित किया।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रविकांत उईके, सिविल सर्जन डॉ.अशोक बारंगा और शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ खण्ड चिकित्सा अधिकारी, राष्ट्रीय कार्यक्रम अधिकारी डीपीएम, डीसीएम, बीपीएम उपस्थित रहे।

# अवैध शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



**सिरोंज, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस उमेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में थाना मुगलसराय पुलिस की टीम को 375 क्वार्टर देशी प्लेन शराब के साथ 1 आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। मिली जानकारी अनुसार गुरूवार की दरम्यानी रात को मुखबिर से जानकारी प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति अपनी मोटर साईकिल काले रंग की पर शराब की पेटियों को रखकर ग्राम रतनवर्री तरफ से ग्राम रायसाहब टपरा तरफ जा रहे है। इस पर थाना मुगलसराय प्रभारी मोहरसिंह गवली ने पुलिस टीम को रवाना किया तो एक व्यक्ति अपनी मोटर साईकिल पर अवैध शराब की पेटियां रखे जाता हुआ मिला जिसकी मोटर साईकिल को रोका तो पुलिस को देखकर पीछे बैठा व्यक्ति रात के अंधेरे में भाग गया। मोटर साईकिल चालक पकड़ा गया मोटर साईकिल पर रखी पेटियों की तलाशी ली तो 8 पेटी शराब जिसमें 375 क्वार्टर देशी प्लेन शराब के थे। आरोपी लालजी अहिरवार उम्र 30 साल निवासीग्राम भौरिया थाना सिरोंज के थाने लेकर आये एवं प्रकरण दर्ज कर मामला विवेचना में लिया और आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मुगलसराय मोहरसिंह गवली, सउनि रामेश्वर कुमरे, आर.469 देवेन्द्र, आर.994 निक्की शर्मा, आर.577 शैलेन्द्र का विशेष भूमिका रही।

# 22 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**भैरूंदा /नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** नगर परिषद भेरुन्दा में विभिन्न कार्यों का भूमि पूजन किया जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने बताया कि 7.54 करोड़ की लागत से अमृत 2.0 जल प्रदाय योजना, 2.99 करोड़ की लागत से शॉपिंग काम्प्लेक्स, 2.08 करोड़ की लागत से हाट बाजार निर्माण, 3.87 करोड़ की लागत से इंदौर भोपाल मुख्य मार्ग में रेड स्टोन डिवाइडर निर्माण कार्य, 5.53 करोड़ की लागत से कायाकल्प अभियान अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण कार्य, 12.85 लाख की लागत से वार्ड 13 में ओपन नालियों में लोहे की जाली कवर किए जाने का कार्य, 15.90 लाख की लागत से नगर परिषद हाल का रिनोवेशन कार्य, 44.84 लाख की लागत से इंदौर भोपाल मुख्य मार्ग पर एलइडी स्ट्रीट लाइट कार्य, 4.29 लाख की लागत से वार्ड 6 में सब्जी बाजार शासकीय मैदान में पार्किंग निर्माण कार्य, 1.86 लाख की लागत से वार्ड 10 में अनार सिंह के मकान से कुलदीप पवार के मकान तक बाउंड्री वॉल एवं नाली निर्माण कार्य, 1.5 लाख की लागत से वार्ड 6 में कब्रिस्तान में छतरी एवं ओटला निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया जाएगा।

# आकाओं की चैरवट पर पहुंच रहे दावेदार, भाजपा में लंबी सूची

**मुरैना, देशबन्धु।** एक दो दिन में प्रदेश में चुनाव आचार संहिता लागू होने की संभावना है, लेकिन आचार संहिता लागू होने से पहले ही भाजपा सहित कांग्रेस व बसपा में टिकिट मांगने वालों ने अपने आकाओं के यहां डेरा डाल रखा है। चूंकि जिले की छह विधानसभा सीटों में से चार पर भाजपा अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है, सिर्फ अंबाह व जौरा ही शेष रह गई हैं। इसलिए भाजपा में सिर्फ इन दो सीटों के ही दावेदार सक्रिय हैं लेकिन कांग्रेस में अभी जिले की सभी विधानसभा सीटों के दावेदार दिल्ली-भोपाल में डेरा डाले हुए हैं।

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने दिमनी, मुरैना, सुमावली व सबलगढ़ सीट से विधानसभा प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। अंबाह व जौरा ही शेष रह गए हैं। इन दोनों में से सबसे ज्यादा दावेदार अंबाह में देखने को मिल रहे हैं। वर्तमान विधायक कमलेश जाटव तो अपनी दावेदारी जता ही रहे हैं साथ ही बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सत्यप्रकाश सखबार सहित गब्बर सखबार, कमल जाटव, कमलेश सुमन भी कतार में खड़े दिखाई दे रहे हैं। हालांकि भिण्ड सांसद एवं दिमनी की पूर्व विधायक संध्या राय का भी नाम यहां से सामने आ रहा है। टिकिट मांगने वालों के अपने-अपने दावे और गणित हैं। सभी खुद को अन्य से बेहतर प्रदर्शित कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि देर सबेर कभी भी भाजपा प्रत्याशियों की सूची जारी हो सकती है। यही वजह है कि टिकिट की मांग करने वाले कभी दिल्ली तो कभी भोपाल की दौड़ लगा रहे हैं। चूंकि पिछले तीन दिन से केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर मुरैना में ही हैं, इसलिए टिकिट की मांग करने वाले उनके पास ही देखे जा रहे हैं।

**नये चेहरे पर दांव लगा सकती है भाजपा:** अंबाह का पिछले तीन विधानसभा का रिकॉर्ड देखा जाए तो यहां भाजपा नए चेहरे को सामने लेकर आई है। वर्ष 2018 में भाजपा ने गब्बर सखबार को टिकिट देकर सबको चैंका दिया था। हालांकि इस चुनाव में गब्बर को हार का मुंह देखना पड़ा था। इससे पहले वर्ष 2008 में बिल्कुल ही नये चेहरे कमलेश सुमन को चुनाव लड़ाया और जीत हासिल की। पिछला रिकॉर्ड देखने से लग रहा है कि यहां भाजपा किसी नए चेहरे को सामने ले आए तो कोई आश्चर्य नहीं। नये चेहरों में सबसे प्रबल दावेदारी कमल जाटव की देखने को मिल रही है। कमल जाटव की काफी सक्रियता भी देखी जा रही है। वर्ष 2018 एवं 2020 के उप चुनावों में कमल जाटव प्रमुख दावेदारों में से एक थे क्योंकि कमल जाटव लगातार जनता के बीच पार्टी को नीति रीति से निष्ठा से काम करने का दावा करते रहे है। पूर्व के चुनावों में पार्टी के प्रत्याशी चयन को देखे तो नऐ चेहरे को मौका देती आई है । इसलिए भी साफ-एवं स्वच्छ एवं निर्विवाद चेहरे के दृष्टि से कमल जाटव की संभावनाए अधिक मानी जा रही है । उधर सूत्रों का यह भी कहना है कि भाजपा से टिकिट मांग रहे एक माननीय का अगर टिकिट कटा तो वह किसी अन्य दल से भी ताल ठोक सकते हैं।

# निगम अधिकारियों की मनमानी, जगह-जगह लगे कचरे के ढेर





**सफाई कर्मियों की हड़ताल पांचवें दिन भी रही जारी**

**मुरैना, देशबन्धु।** शहर में नगर निगम अधिकारियों की तानाशाही के कारण पिछले 5 दिनों से शहर के किसी भी इलाके में झाड़ू नहीं लगी है और जगह-जगह कचरा के ढेर एकत्रित हो गए हैं, वहीं घरों से निकलने वाला कचरा भी घरों में ही रखा हुआ है। सफाई कर्मियों की हड़ताल से शहर की बदहाली साफ नजर आ रही है, तो वही आम जनता में नगर निगम प्रशासन के अधिकारियों के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त है।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम के सफाई कर्मचारी अपनी तमाम मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं और हर बार आश्वासन के बाद कुछ दिन काम करते हैं तथा फिर हड़ताल पर चले जाते हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का स्थाई निराकरण नहीं हो पा रहा है। निगम के अधिकारी जायज मांग पूरी करने की बात करते हैं, लेकिन उनकी मुख्य मांग विनियमितिकरण का ठीकरा सरकार के सिर पर फोड़ देते हैं। शहर के सभी बाजारों में पिछले 5 दिन से सूखा कचरा सडकों पर पड़ा हुआ है, जो हवा के साथ नालियों में पहुंच रहा है और नालियां चौक हो गई हैं, जिससे सडकों पर गंदा पानी निकाल कर आ रहा है। शहर के मुख्य बाजारों के अलावा प्रत्येक कॉलोनी एवं इलाकों में कचरे के ढेर लग गए हैं और भीषण बदबू ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। शहर की दम तोड़ती सफाई व्यवस्था की ओर क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री तथा जिला कलेक्टर का कोई ध्यान नहीं है। 5 दिन से चल रही हड़ताल का संज्ञान भी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं जिले के मुखिया द्वारा नहीं लिया गया है।

शहर में फैली भीषण गंदगी को लेकर आम जनता में नगर निगम के अधिकारियों के प्रति भारी आक्रोश है, तो वहीं सफाई कर्मचारी भी अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। शहर में पिछले 5 दिन से सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण पूरा शहर कचरे के देर में तब्दील हो गया है। पिछले 3 दिनों से केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर मुरैना आ रहे हैं, परंतु उन्होंने ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया।

## सार समाचार

### इटारसी स्टेशन पर अवैध वेंडिंग के विरुद्ध आरपीएफ ने की चलानी कार्रवाई

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) इटारसी द्वारा शुक्रवार को अवैध वेंडिंग के विरुद्ध आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 22 अवैध वेंडरों को ट्रेनों, स्टेशन व आउटरों से पकड़ कर सभी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर चालानी कार्यवाही की गई।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक आयोजित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन के संबंध में जिले के प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को निर्वाचन पेमप?लेटो, पोस्टर आदि का मुद्रण एवं प्रकाशन के लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, निर्वाचन सुपरवाइजर कैलाश दुबे सहित प्रिंटिंग प्रेस संचालक उपस्थित रहें।

### उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया मॉनिटरिंग सेल की ली बैठक

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मॉनिटरिंग सेल के दल प्रभारी एवं सहायक सदस्यों की बैठक ली। अपर कलेक्टर ने दल प्रभारी एवं सहायक सदस्यों को निर्देशित किया कि प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया पर पेड न्यूज एवं फेक न्यूज़ की प्रभावी ढंग से मॉनिटरिंग करें। सभी अधिकारी कर्मचारी पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों को निभाएं। सभी निर्धारित शिफ्ट के अनुसार समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। बैठक में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे द्वारा पेड न्यूज एवं फेक न्यूज़ के संबंध में मॉनिटरिंग सेल की टीम को विस्तार से जानकारी दी गई।

### समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के लिए पंजीयन की तिथि 15 अक्टूबर तक

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के पंजीयन की तिथि पूर्व में 5 अक्टूबर तक निर्धारित थी। किन्तु अभी तक विगत वर्ष की तुलना में किसान पंजीयन कम हुए है उक्त परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में धान, ज्वार एवं बाजरा उत्पादक किसानो को समर्थन मूल्य योजना का लाभ उपलब्ध कराने के लिए पंजीयन की तिथि 15 अक्टूबर 2023 तक बढ़ाई गई है। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए सर्वसंबंधितो को निर्देशित किया है कि वे जिले में शेष रहे किसानो का पंजीयन शतप्रतिशत 15 अक्टूबर तक कराया जाना सुनिश्चित करें।

# तुरंत काम कराने पर अड़ा राजपूत समाज, अध्यक्ष ने सब इंजीनियर को फौरन भेजा

▸ राजपूत समाज ने किया नगर पालिका कार्यालय का घेराव



**इटारसी, देशबन्धु।** राजपूत समाज के अग्रज आराध्य महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित होना है। इसके लिए पिछले 10 महीने पहले भूमि पूजन हुआ था लेकिन काम अभी तक शुरू नहीं हुआ। इस बात पर भड़के राजपूत ने आज नगर पालिका में धरना दिया और नगर पालिका कार्यालय का घेराव किया।

राजपूत समाज के वरिष्ठ एवं युवा सरला मंगल भवन में एकत्र हुए। यहां से बाइकों पर सवार होकर विरोध जुलूस निकाला और फिर नगर पालिका पहुंचे। यहां जय भवानी, जय महाराणा के नारे लगाते हुए नगर पालिका अध्यक्ष के चैंबर तक पहुंचे। यहां राजपूत समाज ने नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे का घेराव किया और चैंबर के सामने ही बैठकर धरना शुरू कर दिया।

### अध्यक्ष भी बैठ गए जमीन पर

नगर पालिका अध्यक्ष के चैंबर के सामने बैठे राजपूत समाज के लोगों के साथ आकर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे भी नीचे जमीन पर बैठ गए और राजपूत समाज के लोगों की बात सुनी। जब राजपूत समाज के लोग इस बात पर अड़ गए कि अभी काम शुरू होना चाहिए तो उन्होंने तुरंत सब इंजीनियर आदित्य पाण्डे को निर्देश दिए कि मौके पर पहुंचकर ले आउट डालें। इस दौरान नारायण सिंह राजपूत, नरेन्द्र सिंह राजपूत, कमल सिंह सोलंकी, उमेश सिंह बैस, बलदेव सिंह, लक्ष्मण सिंह बैस, भारत सिंह, प्रकाश राजपूत, छत्रपाल सिंह राजपूत, रमन सिंह, हरिशंकर बैस, सीमा भदौरिया सहित राजपूत समाज के युवक मौजूद थे।

### भड़क गए दोनों पक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे अचानक भड़क गए। इसके बाद लखन बैस और गोल्डी बैस ने कहा कि तैश नहीं बताएं बाद में दोनों पक्षों ने एक दूसरे की बात सुनी और मामला शांत हो गया। दरअसल राजपूत समाज के किसी व्यक्ति ने यह कह दिया था कि चूना डालकर चूना मत लगा देना, इस बात पर अध्यक्ष नाराज हो गए।

### 10 महीने पहले हुआ था भूमि पूजन

महाराणा प्रताप की प्रतिमा के लिए पुरानी इटारसी के एसबीआई बैंक तिराहा प्रस्तावित है। यहां 4 दिसंबर 2022 को भूमिपूजन किया गया था लेकिन आज तक वहां काम शुरू नहीं हुआ था। शुक्रवार को धरना प्रदर्शन के बाद ले आउट डाला गया है।

### जल्द काम शुरू कराएंगे

प्रस्ताव स्वीकृत है। आज ले आउट करा दिया है जल्द ही काम शुरू करा दिया जाएगा। इस काम में आचार संहिता की शर्त आड़े नहीं आएगी क्योंकि यह काम पहले से ही स्वीकृत है।

**पंकज चौरे,** अध्यक्ष नगर पालिका इटारसी

विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

# नर्मदापुरम जिला उत्पादकता के क्षेत्र में पूरी दुनिया को मात देने में सक्षम : मुख्यमंत्री

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज रविंद्र भवन, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में 53,000 करोड़ रुपए से अधिक लागत के प्रदेशव्यापी 14,375 अधोसंरचना और विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा भूमि पूजन किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में विधायक

डॉ सीतासरन शर्मा, विधायक विजय पाल सिंह, विधायक प्रेम शंकर वर्मा, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव तथा कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।



कार्यक्रम का संचालन राजेश जैसवाल ने किया। कार्यक्रम में नर्मदापुरम जिले के 560 करोड़ के 120 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया, जिसमें 553.02 करोड़ के 112 कार्यों का भूमिपूजन एवं 6.98 रोड़ की राशि के 8 कार्यों का लोकार्पण किया गया। जिनमें 154.33 करोड़ की लागत से बनने वाली देवरी उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमिपूजन किया गया, जिससे जिले केसला जनपद के 32 गावों के 7500 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही 228.78 करोड़ की लागत से बनने वाली झाड़बीड़ा उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमिपूजन किया गया।

जिससे जिले केसला जनपद के 91 गावों के 15610 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इसी प्रकार 123.16 पर की लागत से द्वारा 04 ओवर ब्रिज निर्माण कार्य का भूमिपूजन,जनजाति कार्य विभाग द्वारा 10.84 करोड़ की लागत से 02 जूनियर बालक छात्रावास एवं 01 कन्या आश्रम भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 50.91 करोड़ रुपए की 101 नल जल योजनाओं का भूमिपूजन और 1.62 करोड़ की पाँच योजनाओं का लोकार्पण किया। लोक निर्माण विभाग द्वारा 2.98 करोड़ रुपए की लागत से 03 मार्गो का भूमिपूजन और 48.00 लाख की लागत से वन स्टाप सेंटर नर्मदापुरम का लोकार्पण किया गया तथा सोहागपुर एवं पिपरिया विधानसभा में 4.82 करोड़ की लागत से बने 02 बिजली सब स्टेशनों का लोकार्पण किया गया।

# जनचर्चा में भी गरमाने लगी जिले की सियासत, तो अपने अपने चेहरे चमकाने में लगे नेता

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव का समय जैसे जैसे निकट आता जा रहा है, वैसे वैसे सियासी माहौल गर्म होता जा रहा है। तो जनचर्चाएं भी आम होती जा रही हैं। इन दिनों जनचर्चा है कि नेता छोटा हो या बड़ा सब बीते 5 सालों से चेहरे पर पड़ी धूल को हटाकर अपने अपने चेहरे चमकाने में लग गए हैं। उम्मीदवारी के लिए कतारें लंबी होती जा रही हैं। सियासी मैदान में हर कोई ताल ठोकने आमादा होता दिखाई दे रहा है। हर पार्टी के लिए अनेक लोग अपनी उम्मीदवारी पेश करने के जुगाड में लगे हैं। प्रदेश के वरिष्ट नेताओं से जिसकी जहां से लिंक बन पा रही है वो संपर्क बनाने में जुटा है। लोग तो यहां तक कह रहे हैं कि कई नेता तो अपने प्रचार प्रसार में इतने मग्न हैं कि उन्होंने नियमों को दरकिनार करना भी शुरू कर दिया है। पार्टियों में भीतरघात साफ तौर पर सामने आ रहा है फिर चाहे वो कांग्रेस हो या भाजपा। कुर्सी या कहे विधायकी की महत्वाकांक्षा ने आपसी फूट इतनी गहरी कर दी है कि पार्टी के लिए काम करने वाले अपनी पार्टी के मंच पर अपनी अपनी कुर्सी के लिए लड़ रहे हैं। तो नेता स्वयं की सकारात्मक छवि के निर्माण और प्रचार करने में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को भी अनदेखा करने से नहीं चूक रहे हैं।

सियासी घमासान सिर्फ इतना ही नहीं है। नेता कोई अवसर छोड़ना नहीं चाह रहे हैं। इसका उदाहरण है जिले का तवा ब्रिज। जिसके भूमिपूजन के पत्थरों पर विधायकों में अपने अपने नाम देखने की होड़ में लगी है।

यही कारण है कि नर्मदापुरम-माखननगर के बीच तवा नदी पर 148 करोड़ से बनने वाला नया पुल चुनावी चर्चा का विषय बना हुआ है। पुल के एक तरफ नर्मदापुरम तो माखननगर की तरफ सोहागपुर विधानसभा लगती है। पुल का बीते सोमवार को सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह और सांसद उदयप्रताप सिंह ने भूमिपूजन किया तो तीन दिन बाद गुरुवार को नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा दोबारा भूमिपूजन कर दिया। यह सब भाजपा में तो शायद पहली बार ही हुआ होगा कि एक ब्रिज का भूमिपूजन उसके दो विधायकों ने अलग अलग किया हो। इससे पहले भी नर्मदापुरम में 6 करोड़ 72 लाख की पिंचिंग का भूमिपूजन कार्यक्रम भी जनचर्चाओं का विषय बना था। जिसमें नर्मदापुरम विधायक के अलावा विभागीय मंत्री और मुख्यमंत्री के चित्र को भी जगह नहीं दी गई थी।

इन दिनों शहर में चाय के ठेले हो या पान की गुमटी सियासी चर्चा हर तरफ हर जगह हो रही है। उनमें से एक चर्चा इन दिनों श्राद्धपक्ष में हो रहे भूमिपूजन, शिलान्यासों के कार्यक्रमों को लेकर भी है। जिसकी जितनी समझ उस हिसाब से बातचीत की जा रही हैं। जनश्रुति श्राद्धपक्ष को लेकर है। लोग आपसी चर्चा में एक दूसरे से यह पूछते सुनाई दे रहे हैं कि भैया पितृपक्ष में तो अच्छे कामों की मनाही होती है, फिर राजनीति में ये क्या हो रहा है...?

# मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता मेले का आयोजन





**पचमढ़ी, देशबन्धु।** सीएमराइज विद्यालय में शुक्रवार को सृजन कार्यक्रम के तहत 'एफएलएन मेले' का आयोजन किया गया। जिसके तहत सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के विकास के लिए निर्मित, शैक्षणिक सहायक सामग्री का प्रदर्शन किया। जिनके माध्यम से विद्यार्थियों में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाते हुए समग्र विकास के लिए प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक उपस्थित हुए, सभी ने एफएलएन सामग्री का निरीक्षण किया, विद्यालय की समस्त कक्षाओं का भ्रमण किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई, जिसमें प्रमुखता से अधिकतर छोटे बच्चों ने भाग लिया। विद्यालय में अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों, जिसमें कक्षा पहली से लक्षिता, कक्षा दूसरी से तहसीन ,कक्षा तीसरी से फिजा शाह ,कक्षा चौथी से प्रतिका और कक्षा पांचवीं से ध्रुव परते को पुरस्कृत किया गया। वेस्ट स्टूडेंट का पुरस्कार कक्षा तीसरी की योगिनी मर्सकोले को प्रदान किया गया। समस्त कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संजय टिकार ने किया, जबकि आभार अभिव्यक्ति राजेश सूर्यवंशी द्वारा की गई। इसमें विद्यालयीन स्टाफ के प्रधान पाठक रूपनारायण श्रीवास, प्रीति साहू, शाहीन मंसूरी, लता जमनोतिया तथा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों दुर्गेश यादव, शुभेन्द्र जगत, निकलेश समुंद्रे ने प्रशंसनीय सहयोग किया। कार्यक्रम से जहां विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों हर्ष का माहौल था।

# मां गायत्री प्रज्ञा पीठ पचमढ़ी में हुआ सत्संग



**पचमढ़ी, देशबन्धु।** श्री श्री 1008 स्वामी संपूर्णानंद चिदाकाशी दिल्ली श्री बिल्खा द्वारा श्री भगवत गीता पर मां गायत्री प्रज्ञा पीठ पचमढ़ी में आयोजन किया गया। जिसमें गायत्री परिवार के परिजनों और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। गायत्री प्रज्ञा पीठ के अध्यक्ष संदीप गुप्ता और गिरधर गोपाल राठी ने कार्यक्रम के बारे में बताया। वहीं श्री बिल्खा ने इस दौरान पचमढ़ी से जुड़ी अपनी यादों को साझा किए। इसके साथ ही उन्होंने गीता का सार बताया कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो' इन्होंने श्री भागवत गीता को चाइनीस भाषा में भी अनुवाद किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में जयश्री वोरसे हेमलता चिलहाटे, रेनू गुप्ता, अंकित शुक्ला बंटी, नागवंशी सुरेंद्र बान, एल डी चुग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में मां गायत्री की आरती व प्रसाद वितरण के साथ सत्संग संपन्न हुआ।

### रेल पुलिस अधीक्षक ने किया जीआरपी के नये थाने का शुभारंभ

**इटारसी, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन के सामने पुराने गार्ड रनिंग रूम में आज जीआरपी के नए थाने का शुभारंभ रेल पुलिस अधीक्षक हितेष चौधरी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सीनियर डीईएन अभिषेक मिश्रा, एडिशन एसपी प्रदीप पटेल, डीएसपी महेंद्र सिंह, एईएन एके मालवीय, स्टेशन प्रबंधक देवेंद्र सिंह चौहान, आरपीएफ इंस्पेक्टर एसके बाजपेयी, इटारसी जीआरपी थाना प्रभारी रामस्नेही चौहान, सिटी थाना प्रभारी गौरव बुंदेला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 450 रुपये में गैस रीफिल योजना के तहत खातों में डाली राशि

**इटारसी, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री उज्वला गैस योजना और लाड़ली बहनों के लिए 450 रुपए में गैस सिलेंडर प्रदान करने की योजना का आज शुभारंभ हुआ। लक्कड़गंज में स्थित एक आयोजन में विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने योजना की शुरुआत की।

लाडली बहनों और उज्ज्वला गैस कनेक्शनधारी हितग्राहियों को 450 रुपये में गैस रिफिल की योजना के तहत आज भारत गैस व एचपी गैस के संयुक्त तत्वावधान में लकड़गंज में सिंगल क्लिक के माध्यम से बहनों के खाते में गैस की सबसिडी राशि डाली गई। पूरे प्रदेश में 36.62 लाख लाडली बहनों के खाते में गैस सबसिडी राशि 219 करोड़ रुपये डाले गए।

कार्यक्रम में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वनाथ सिंघल, जय अम्बे भारत गैस के संचालक हेमंत शुक्ला, इटारसी गैस एचपी एजेंसी के विष्णु पांडेय, साहित्यकार सुनील बाजेपयी, वरिष्ठ पत्रकार जम्मू सिंह उप्पल, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, भाजपा मंडल महामंत्री राहुल चौरे सहित अन्य मौजूद रहे।

इस अवसर पर विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आपके खाते में गैस सिलेंडर की सब्सिडी राशि डालेंगे। उन्होंने आपके लिए 450 रुपये में गैस सिलेंडर की सुविधा की है। विधायक डॉ शर्मा ने कहा कि एक समय वह था जब गैस की टंकी पाने के लिए बड़े प्रयास किए जाते थे और हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर गैस की टंकी उज्ज्वला योजना से निशुल्क पहुंचा दी। विधायक डॉ शर्मा ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने अपने घर में मां को चूल्हे पर खाना पकाते हुए देखा है, उससे उठने वाला धुंआ देखा है यही वजह है कि वह माताओं बहनों को होने वाली दिक्कतें समझते हैं और हर घर में गैस कनेक्शन उपलब्ध करा दिए।

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहनों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का जो वादा किया था वह निभा रहे हैं। लाडली बहनों के गैस सबसिडी के लिए रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं, आज सबसिडी की राशि भी डाली जा रही है। ऐसे मुख्यमंत्री मिलना सौभाग्य की बात है।

जय अम्बे भारत गैस के संचालक हेमंत शुक्ला ने कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। आज ऐसा ही कार्य हो रहा है। यहां कार्यक्रम में पहुंची लाडली बहनों के गैस सबसिडी रजिस्ट्रेशन गैस एजेंसी पर किए गए।

# युवा उत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता

**इटारसी, देशबन्धु।** मतदान के लिए ईवीएम उपयोग अनिवार्य है, विषय पर शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी में युवा उत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ किया। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा कहा कि विद्यार्थियों में मौखिक अभिव्यक्ति कौशल विकसित करने युवा उत्सव के अंतर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता होती है। इस प्रकार की प्रतियोगिता से विचारों की अभिव्यक्ति के साथ-साथ विद्यार्थियों की बोध-शक्ति, मौलिक चिंतन शक्ति, वह तर्कशक्ति का विकास भी होता है। इस प्रतियोगिता में जिले के 6 महाविद्यालयों की टीम ने भाग लिया। विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विषय के पक्ष व विपक्ष में प्रभावी तर्क प्रस्तुत किया।

निर्णायक के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी चिंतक एवं पूर्व प्राध्यापक डॉ. के. एस. उप्पल, अंग्रेजी के पूर्व प्राध्यापक डॉ. ज्ञानेंद्र पांडे, तथा साहित्यकार कवि समीक्षक व हिंदी विषय के पूर्व प्राध्यापक डॉ श्रीराम निवारिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. केएस उप्पल, ने कहा कि ईबीएम से मतदान करना सुरक्षित एवं सरल है। डॉ ज्ञानेंद्र पांडे ने कहा कि बड़ी आबादी वाले क्षेत्र में मत पत्रों से मतदान करवाने में असुविधा होती है जबकि ईवीएम मशीन द्वारा आसानी से मतदान करवाया जा सकता है। डॉ श्रीराम निवारिया ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव प्रजातांत्रिक देश में बहुत बड़ी बात है जिसको हम ईबीएम द्वारा संपन्न कर सकते हैं। कार्यक्रम संचालक डॉ हर्षा शर्मा ने कहा कि वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय विचारणीय है।

वाद विवाद प्रतियोगिता में पक्ष में प्रथम स्थान शासकीय महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा तृप्ति ओंकार, द्वितीय स्थान होम साइंस कॉलेज नर्मदापुरम महाविद्यालय की छात्रा चेतन दुबे तथा तृतीय स्थान शासकीय नर्मदा महाविद्यालय की छात्रा भूमिका विश्वकर्मा ने प्राप्त किया। विपक्ष में शहीद भगत सिंह कॉलेज पिपरिया के विकल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की युवा उत्सव की प्रभारी श्रीमती पूनम साहू ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को बधाई दी। आभार प्रदर्शन डॉ. श्रद्धा जैन ने किया।

उज्जवला गैस योजना हितग्राही एवं लाडली बहना योजना

# एचपी गैस संचालक ने लगाया शिविर



**सोहागपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लाडली बहनों एवं उज्जवला योजना के अंतर्गत ?450 गैस प्रदान करने एवं ?200 सरकार द्वारा सब्सिडी देने का कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट एचपी गैस एजेंसी द्वारा दिखाया गया साथ ही खनूजा एचपी गैस के संचालक प्रतिपाल सिंह खनूजा द्वारा सरकार द्वारा दी जा रही गैस के संबंधित योजनाओं की जानकारी देने के लिए एक कैंप का आयोजन किया गया जिसमें उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करते हुए लाडली बहन को ?450 में गैस प्रदान की गई उज्जवला गैस योजना के तहत भी फार्म भरवा गए एचपी गैस संचालक प्रतिपाल सिंह खनूजा ने बताया जिन बहनों को प्रतिमाह लाडली बहन का की राशि प्राप्त होती है और जिन लोगों ने उज्ज्वला योजना के अंतर्गत कनेक्शन लिए हैं उन्हें निर्धारित मूल्य से 450 रुपए में गैस मिलेगी गैस की सब्सिडी उनके बैंक खाते में आएगी कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाएं और पुरुष उपस्थित थे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल नायब तहसीलदार अंजू लोधी राजस्व निरीक्षक संजय परसाई कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विनय सैनी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जुबेर कई मुख्य रूप से उपस्थित थे

### लायंस क्लब ने सेवा सप्ताह अंतर्गत किया बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**इटारसी, देशबन्धु।** लायंस क्लब इटारसी कपल द्वारा आज सेवा सप्ताह के पांचवें दिन महावीर जैन हाई सैकंड्री स्कूल में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा बच्चे और पेरेंट्स को डॉ. पूजा गुप्ता और डॉ. लीना बत्रा ने शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के टिप्स बताए। बच्चों के दांतों के डॉक्टर डॉ. नीलम देवानी ने बच्चों के दांत का परीक्षण किया और दांतों की कैसे सफाई रखें, यह बताया। डॉ. अभिषेक सोनी, डॉ. संजय गुप्ता ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। अंत में विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर हर घर दो वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्लब के चार्टर्ड प्रेसिडेंट प्रीति अभय दुबे, अंशु अग्रवाल, क्लब अध्यक्ष डॉ. रविंद्र गुप्ता, सचिव डॉ राकेश बत्रा, कोषाध्यक्ष डॉ विजयंत बड़कुल आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना





# महिलाओं के लिए आर्थिक संबल, कारोबार में भी हो रहा इज़ाफा

*मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त करने और स्वावलंबी बनाने में महती भूमिका निभा रही हैं। इस योजना की लाभार्थी महिलाओं का कहना है कि यह योजना उन्हें समाज में आत्मसम्मान भी दिला रही है। यह योजना महिलाओं के लिए बड़ा आर्थिक संबल है। वहीं इससे कारोबार में भी इजाफा हो रहा है।*

पुराने शहर के इब्राहिमगंज में रहने वाली **शालिनी चौरसिया** एक गृहणी है। उन्होंने बताया कि पति प्राइवेट नौकरी करते है। पगार कम होने से घर का खर्च चलाने में दिक्कत होती थी और बच्चों की छोटी-छोटी जरुरतों को भी पूरा करने के लिए सोचना पड़ता था। लिहाजा घर चलाने के लिए सिलाई कढाई का काम करती थी। लेकिन लाड़ली बहना योजना का










लाभ मिलने से उनके परिवान को काफी संबल मिला है। योजना की पहली किस्त मिलने पर उन्होंने छोटी-मोटी उधारी चुकाई और अब वे इन पैसों को अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ ही उनकी जरुरतों को पूरा करने में खर्च कर रही है। उनका कहना है कि लाड़ली बहना योजना के लिए मुख्य मंत्री की जितनी भी सराहना की जाए वह कम है।

लाड़ली बहना योजना के तहत प्राप्त हुई राशि से सूखी सेवनिया की रहने वाली **श्रीमती ऋतु सेठियार** कहती है कि लाड़ली बहना योजना के माध्यम से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जो सौगात दी है, वह निश्चित ही हम बहनों की जिंदगी को सवारने का काम करेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा लाड़ली बहना योजना की राशि को बढ़ाकर प्रतिमाह तीन हजार रुपए देने की जो घोषणा की गई है, इससे मुझे बहुत खुशी हुई है। वे बताती है कि फिलहाल लाड़ली बहना योजना की राशि को अपने बच्चों और पारिवार की जरुरतों को पूरा करने में उपयोग कर रही हूँ। श्रीमती ऋतु लाड़ली बहना योजना की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का धन्यवाद करती है।

पुट्टा मिल के पीछे स्थित बस्ती में खान-पान का स्टाल लगाने वाले **गोविन्द प्रजापति** ने बताया कि लाड़ली लक्ष्मी योजना बहना योजना का उनके व्यवसाय पर भी अच्छा असर पड़ा है। बस्ती में रहने वाले बच्चे अपनी मां से पैसे लाकर चाउमीन तो खाते ही साथ ही मां के लिए भी ले जाते हैं। इस योजना के लागू होने से उन मां बहनों को विशेष लाभ हुआ है, जो हाथ में पैसा न होने के कारण अपनी छोटी -मोटी जरुरतों को पूरा नहीं कर पाती थी। लेकिन अब उनको पैसे के लिए किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ते है।

इब्राहिमगंज में क्षेत्र में छोटा सा जनरल स्टोर चलाने वाले **अशोक गुप्ता** का कहना है कि लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं को उनकी आर्थिक व्यवस्था के क्षेत्र में लाभ पहुंचाया है। यही वजह है कि उनके कारोबार में भी इजाफा हुआ है। उनका कहना है कि योजना की तीन किस्ते आने के बाद अब महिलाओं में ने सिर्फ बचत करने की भावना बढ़ी है, बल्कि उनके क्षेत्र रहने वाली महिलाओं के मन में आत्मनिर्भर बनने की ललक उठने लगी है और वे अब स्वयं का रोजगार करने की भी पहल करना चाह रही है। यही वजह है कि वे पूछती है कि उनकी तरह छोटी सी दुकान के लिए कितनी पूंजी की जरुरत होगी।

## छोटे-छोटे व्यवसायों से आत्मनिर्भर हो रही हैं महिलाएं



रायसेन जिले के स्व-सहायता समूहों की महिलाएं छोटे-छोटे रोजगार स्थापित कर न सिर्फ स्वयं आत्मनिर्भर हो रही हैं बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में भी अपना योगदान दे रही हैं। ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों की अनेक महिलाओं ने अपने स्वयं के रोजगार स्थापित कर जिले में अलग पहचान बनाई है। ऐसे ही रायसेन के उमंग स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने समूह बनाकर अगरबत्ती निर्माण का कार्य प्रारंभ किया है। समूह की रूखसार खान ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से अगरबत्ती निर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण पश्चात आजीविका मिशन के माध्यम से ही बैंक से पांच लाख रूपए का ऋृण मिलने के बाद अगरबत्ती निर्माण की यूनिट स्थापित की। अगरबत्ती निर्माण में स्व-सहायता समूह की पांच सदस्य महिलाएं काम करती हैं। प्रारंभिक तौर पर कच्ची अगरबत्ती तैयार कर विभिन्न कम्पनियों को सप्लाई की जा रही थी, अब स्व-सहायता समूह द्वारा ही अगरबत्ती तैयार कर उसके पैकेजिंग कर बाजार में विक्रय की जा रही है।

## बेटियों के लिए वरदान बनीं लाड़ली लक्ष्मी योजना



प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ बेटियों को मिलने से लाड़ली बालिकाओं के भविष्य को लेकर अब उनके माता-पिता चिंतामुक्त है। लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रदेश की बेटियों की लिए वरदान साबित हुई है। इस योजना के तहत बेटियों को समय समय पर उनकी पढ़ाई के लिए तथा बड़े होने पर विवाह के लिए भी राशि प्रदान की जाती है। लाड़ली बेटियो के हित में चलाई जा रही प्रदेश शासन की इस महत्वपूर्ण योजना से सीहोर शहर की बड़ी ग्वालटोली निवासी लाडली बेटी अंशिका यादव भी लाभांवित हुई है। अंशिका बताती है कि वे लाड़ली लक्ष्मी योजना में पंजीकृत है। योजना के तहत उन्हें समय समय पर पढ़ाई के लिए धनराशि प्रदान की जा रही है। अंशिका कहती है कि मामाजी ने लाड़ली लक्ष्मी योजना चलाकर पढ़ाई के साथ-साथ मेरी शादी के खर्च से भी माता-पिता को चिंतामुक्त किया है। भारती ने इस योजना को चलाने के लिए अंशिका श्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया है।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना : रेशमा के माता-पिता को किया शादी के खर्च से चिंतामुक्त



मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर माता-पिता के लिए वरदान साबित हुई है। इस योजना से गरीब परिवारों की बेटियों की शादी धूमधाम से हो रही है। इसके साथ ही उन्हें नई गृहस्थी शुरू करने के लिए सहायता राशि दी जा रही है। गत दिवस भैरून्दा के ग्राम पिपलानी में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना में आई रेशमा बताती है कि उनके पिता की आर्थिक स्थिति बेहतर नही थी एवं आमदनी कम होने के कारण वे मेरी शादी का खर्चा नही उठा सकते थे। रेशमा बताती है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ने उन्हें और उनके परिवार को शादी में आने वाले खर्चे की चिंता से मुक्त कर दिया। उन्होंने कहा कि मेरी शादी के लिए पिताजी को किसी से कर्ज नही लेना पड़ा। इस योजना से मिली मदद के लिए रेशमा ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया।

## सरोज ने लाड़ली बहना योजना से मिली राशि को घर खर्च में किया उपयोग



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लाड़ली बहनों के लिए शुरू की गई यह मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त करने और स्वावलंबी बनाने में महती भूमिका निभा रही है। लाडली बहना योजना के तहत प्राप्त हुई राशि को सीहोर निवासी श्रीमती सरोज देवी कुशवाह ने अपने घर खर्च में उपयोग किया। सरोज बताती है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लाडली बहना योजना की राशि को बढ़ाकर प्रतिमाह 3000 रूपए देने की जो घोषणा की गई है, इससे मुझे बहुत खुशी हुई है। मैं लाड़ली बहना योजना की राशि को अपनी पारिवारिक आवश्यकताओं को पूरा करने में उपयोग करूँगी। सरोज लाड़ली बहना योजना की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का धन्यवाद करती है।

## सन्नो ने खरीदा किराने का सामान



प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना चलाई गई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए की राशि सीधे महिलाओं के बैंक खाते में हस्तांतरित की जा रही है। जिसे महिलाएं अपनी आवश्यकतानुसार खर्च कर रही है। कस्बा सीहोर निवासी श्रीमती सन्नो बी भी लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित हितग्राही महिलाओं में से एक है। सन्नो बताती है कि लाडली बहना योजना से मुझे जो राशि मिली है, उससे मैंने अपने घर में किराने का सामान भरा है। वे कहती है कि लाड़ले भैय्या मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सदैव ही बेटियों और महिलाओं के हित के लिए कार्य करते है। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा शुरू की गई लाड़ली बहना योजना से बहने आत्मनिर्भर बनरही है। लाड़ली बहना योजना शुरू करने के लिए सन्नो बी ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया।

D-19349/23

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।